मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-10, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 216 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
20 जनवरी 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
23 अधिकतम
11 न्यूनतम



Page-7

## सीएम ने बैरागढ़ में किया हनुमान चालीसा पाठ फिर सागर में संभागीय समीक्षा

# भक्तिसागर के बाद प्रशासनिक गहराई नापने निकले मुख्यमंत्री



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव आज धर्म और आध्यात्म के साथ ही प्रशासनिक मिशन पर निकले हैं। सुबह उन्होंने संत हिरदाराम नगर पहुंचकर सामूहिक हनुमान चालीसा में हिस्सा लिया,यह कार्यक्रम अयोध्या के मंदिर में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के चलते किया गया। इसके बाद सीएम ने रायसेन में औद्योगिक क्षेत्र का रुख किया और यहा से वे सागर पहुंच रहे हैं, जहां वे संभागीय बैठक में कानून व्यवस्था तथा विकास की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या के कार्यक्रम के चलते भोपाल में भी जगह-जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। राम मंदिर बनने की खुशी में आज संत हिरदाराम नगर के बलिदानी हेमू कालानी स्टेडियम में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा की मौजूदगी में करीब 11 हजार रामभक्तों ने मिलकर पाठ किया। समूचा स्टेडियम भगवा रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे, मंदिर प्रमुख, पुजारी एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि अब रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के लिए कई जन्मों के बाद प्राण-प्रतिष्ठा की बहुप्रतीक्षित घड़ी आ गई है। गत पांच सौ वर्ष से कई पीढ़ियां खप गईं। फिर अखंड भारत की दिशा में कार्य हो सकता है।

**अयोध्या में महत्वपूर्ण हैं 84 सेंकेंडः** अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। 22 जनवरी को यह कार्यक्रम होगा। हालांकि मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा से जुड़े पूजा कार्यक्रम का आरंभ 16 जनवरी से हो चुका है, लेकिन मुख्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को मंदिर के गर्भग्रह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा बताया गया है कि सभी शास्त्रीय परंपराओं का पालन करते हुए, प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। जो कि दोपहर में 12 बजकर बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा।

## समत्व के संकल्प तक पहुंचे सीएम, गृहप्रवेश बाद में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जल्द ही नये सरकारी आवास यानि सीएम हाउस में प्रवेश करने की तैयारी में है। इसक पहली कड़ी में इस आवास के परिसर में बने कार्यालय 'संकल्प' में उन्होंने पहली बैठक की। बताया जाता है कि डा यादव शुक्रवार को बिना किसी तामझाम या प्रचार के सीधे सीएम हाउस के कार्यालय समत्व भवन पहुंचे और यहां स्थित अपने कक्ष



'संकल्प' में कुछ देर बैठे। उनके कुछ परिजन भी इस मौके पर यहां मौजूद रहे। भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर भी यहां मौजूद थीं। बताया जाता है कि डा यादव अगले सप्ताह सीएम हाउस में 'गृह प्रवेश' कर सकते हैं। इसके लिये आवास के भीतरी हिस्से में जरूरी तैयारी भी चल पड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने यह बंगला पिछले पखवाड़े छोड़ दिया था। सीएम हाउस के इस कार्यालय भवन में अफसरों के लिए भी कक्ष बनाए गए हैं। अभी मौजूदा सीएम अपने पुराने सरकारी निवास विंध्य कोठी में ही रह रहे हैं।

### अब तीन दिन नहीं होंगे दर्शन

## आज मंदिर में प्रवेश करेंगे रामलला

**अयोध्या एजेंसी।** पवित्र नगरी अयोध्या श्रीराम के आगमन के लिए तैयार है। 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। वहीं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आज पांचवा दिन है। रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को आज शनिवार से तीन दिनों तक रामलला के दर्शन नहीं होंगे। 20 व 21 को अस्थायी राममंदिर में दर्शन बंद रहेगा। 22 को केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद अतिथियों को ही दर्शन मिलेगा। आम श्रद्धालु 23 को ही नए मंदिर में रामलला के दर्शन कर पाएंगे।



आज प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के क्रम में 81 कलशों के विविध औषधियुक्त जल से रामलला के अचल विग्रह को स्नान कराया जा रहा है। अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला की चल मूर्ति भी नवनिर्मित गर्भगृह में प्रवेश करेगी। राममंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव ने बताया कि अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला की चल मूर्ति समेत अन्य प्रतिमाओं को शनिवार को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराया जाएगा।

### हरभजन बोले

## मैं तो जाऊंगा अयोध्या

भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन समेत कई भारतीय क्रिकेटर्स को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रण मिला है। वहीं क्रिकेटर और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने को लेकर दो टूक कहा कि 'कोई जाए या ना जाए, वो तो इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जाएंगे।' हरभजन का यह बयान कई राजनीतिक दलों द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार करने के बाद आया है।



## आधी रात को थाने पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल



**जयपुर, एजेंसी।** बीती रात अचानक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रात करीब एक बजे पुलिस और प्रशासन को सूचना दिए बिना गश्त पर निकल गए। हालांकि इस दौरान सीएम सिक्योरिटी के अफसर उनके साथ थे। वे जेएलएन मार्ग होते हुए रामबाग सर्किल, एसएमएस अस्पताल, अजमेरी गेट, एमआई रोड होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे। पूरे रास्ते में सीएम ने पुलिस गश्त का निरीक्षण किया। फिर वे अचानक सदर थाने पहुंचे। यह जयपुर जंक्शन के ठीक सामने है। जंक्शन के बाहर अक्सर रातभर लोगों को आवाजाही रहती है।अचानक मुख्यमंत्री भजनलाल और सीएम सिक्योरिटी के अफसरों को देखकर पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। उन्होंने थाने का हाजरी रजिस्टर चैक किया।

## असम में राहुल की यात्रा पर पथराव कांग्रेस का भाजयुमो पर आरोप

**गुवाहाटी , एजेंसी।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज सातवें दिन में दाखिल हो गई। आजा राहुल असम के लखीमपुर स्थित पदुमनी आई थान पहुंचे जो मां दुर्गा का मंदिर है। उन्होंने मंदिर के दरवाजे पर प्रणाम किया और यात्रा के लिए आगे बढ़े। इस दौरान राहुल गांधी ने नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। वहीं कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि असम की भाजपा सरकार चाय बागान समुदाय और वहां रहने वाले मजदूरों की भलाई पर विचार किए बिना ही चाय बागानों को निजी मालिकों को बेच रही है। सरकार ने जनजातीय बेल्ट और ब्लॉक जैसे कुछ समुदायों को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया है तथा राज्य में धार्मिक राजनीति के नाम पर लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया है कि असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवा कांग्रेस के वाहनों पर लक्षित हमला हुआ है। बीती रात वाहनों में तोड़फोड़ के लिए कांग्रेस



ने भाजयुमो को जिम्मेदार बताया। वहीं एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें पूरी घटना कैद है जिसमें कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर से छेड़छाड़ की जा रही है। लखीमपुर में राहुल गांधी के कटआउट और बैनर को भी नुकसान पहुंचाया गया है।

## सोमवार को बंद रहेगा बाजार, आज रही तेजी



**मुंबई एजेंसी।** आज शनिवार को भी स्टॉक मार्केट काम कर रहा है। वजह यह कि सोमवार को राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा के दिन बाजार बंद रहेगा। आज शेयर बाजार में शानदार ओपनिंग हुई है। शनिवार को खुले शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी ने गजब की तेजी दिखाई। सेंसेक्स 325 अंक चढ़कर 72000 के पार खुला, जबकि निफ्टी 21,706.15 लेवल पर ओपन हुआ। यही बीएसई के 30 शेयरों में से 12 शेयरों में तेजी देखी गई। जबकि 18 शेयरों में गिरावट देखी गई। सबसे ज्यादा तेजी पावरग्रिड, एनटीपीसी और एचडीएफसी में देखी गई। खास बात रेल्वे के स्टाक में रही। गिरते बाजार में भी रेलवे के कुछ शेयरों ने खूब कमाई कराई। IRFC और IRCTC के शेयरों के अलावा एक और रेलवे सेक्टर की कंपनी का शेयर करीब दस फीसद की तूफानी तेजी के साथ भाग रहा है।

## ज्ञानवापी के वजूखाने की सफाई शुरू हुई



**वाराणसी एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वजूखाने की सफाई जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की देखरेख में आज सुबह शुरू हो गई। यहां भारी सुरक्षा बंदोबस्त हैं। वजूखाने से मृत मछलियों को बाहर निकाला जाएगा। जिंदा मछलियां अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन को सौंप दी जाएंगी। वजूखाने की सफाई के लिए नगर निगम ने 26 सफाईकर्मियों की टीम लगाई है। यह टीम मजिस्ट्रेट की निगरानी में वजूखाने की सफाई का काम कर रही है। वजूखाना का पूरा पानी पंप के सहारे बाहर निकाला जाएगा। इसके बाद उसकी काई और गंदगी को साफ कर उसमें चूने का छिड़काव किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### पाकिस्तानी अभिनेत्री को बनाया नया हमसफर...

# शोएब की तीसरी शादी, सानिया बोलीं-जिंदगी कठिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने दूसरी शादी कर ली है। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से अलग होने की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं। मलिक ने पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद को अपना जीवनसाथी चुना है और समारोहपूर्वक शादी की। उन्होंने खुद इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें पोस्ट की हैं। शोएब ने जिस सना जावेद से शादी की है वो भी तलाकशुदा हैं। पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल सना ने 2020 में उमैर जसवाल के साथ शादी की थी लेकिन जल्द दोनों ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक-दूसरे की तस्वीरें डिलीट कर दी थी और फिर खबर आई कि दोनों में तलाक हो चुका है। 28 साल की सना जावेद पाकिस्तान के कई टीवी शो में नज़र आ चुकी हैं। वो कई म्यूज़िक वीडियो में भी दिख चुकी हैं। शोएब ने टेनिस सनसनी सानिया से 2010 में शादी की थी। तब आयशा सिद्दीकी ने सामने आकर सबको बताया था कि वह शोएब की पहली पत्नी हैं और बगैर तलाक दिए वो दूसरी शादी नहीं कर सकते। उस वक्त शोएब ने आयशा के साथ किसी तरह के रिश्ते होने की बात से इनकार किया था, मगर मामला बढ़ने के बाद उन्होंने आयशा से तलाक ले लिया था। यानि शोएब ने सानिया से शादी के बाद पहली पत्नी आयशा से तलाक लिया था। उल्लेखनीय है कि शोएब ने 287 एकदिवसीय मैचों की 258 पारियों में 7534 रन बनाए हैं जिसमें 9 शतक और 44 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 35 टेस्ट मैचों में 1898 रन बनाए जिनमें 3 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं।

### सानिया ने तीन दिन पहले दे दिया था संकेत



दरअसल दो दिन पहले ही सानिया मिर्जा ने एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर की थी, जिससे उनके और शोएब मलिक के साथ तलाक कीअफवाहें तेज थी। सानिया ने लिखा था, शादी कठिन है. तलाक कठिन है. अपना कठिन चुनें. मोटापा कठिन है. फिट रहना कठिन है,अपना कठिन चुनें। कर्ज में डूबना कठिन है, आर्थिक रूप से अनुशासित रहना कठिन है अपना कठिन चुनें। संचार कठिन है, संवाद न करना कठिन है अपना कठिन चुनें। उन्होंने लिखा था कि जिंदगी कभी आसान नहीं होगी यह हमेशा कठिन रहेगी लेकिन हम अपनी मेहनत चुन सकते हैं। सानिया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम से शोएब मलिक के साथ अपनी ज्यादातर हालिया तस्वीरें को डिलीट कर दिया था। इससे पहले 8 जनवरी को उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जब कोई चीज आपके दिल की शांति को भंग करती है, तो उसे जाने दें।'

## खली से नहीं उठ सकी एसयूवी

**नई दिल्ली एजेंसी।** कभी वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन रहे द ग्रेट खली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह टोयोटा फॉर्च्यूनर एसयूवी को उठाने की नाकाम कोशिश करते दिखते हैं। दरअसल, द ग्रेट खली इस वीडियो में टोयोटा फॉर्च्यूनर को उठाने की कोशिश करते दिख रहे हैं और उनके पीछे खड़ा एक शख्स उनकी हौसला आफजाई करते दिख रहा है। तमाम कोशिशों के बाद भी खली टोयोटा फॉर्च्यूनर के अगले हिस्से को उठा न सके। यहां बताना जरूरी है कि जो खली रेसलिंग रिंग में भारी-भरकम रेसलर को उठा-उठाकर रिंग से बाहर फेंक देते थे और उनकी फौलादी जिस्म की कई कहानियां प्रचलित है। फाच्यूर्नर का वजन करीब 2200 किलोग्राम बताया जाता है।



# झील के साथ कई दर्द पुराने निकले









*राजधानी के नए हिस्से में मौजूद शाहपुरा झील यानी मनीषा मार्केट के सामने का तालाब अपनी कई खासियतों को समेटे हुए हैं। यह सीमेंट कंक्रीट के घने होते जंगलों के बीच खुला आसमान मुहैया कराती है। यह झील नए शहर के गिने चुने तालाबों में शुमार है लेकिन इसकी खूबसूरती को बनाए और बचाए रखने के कई जतन अभी अधूरे हैं और बहुत सारे जतन बाकी भी हैं। इस झील के पश्चिमी हिस्से पर तथ्य कथ्य अतिक्रमण का डेरा है तो पूर्वी हिस्से को खूबसूरती के साथ उभारने का कोई विजन नजर नहीं आता। इस झील के पानी का शुद्धिकरण का प्रयास भी अधूरा ही है। बावजूद यह अपनी खूबसूरती को बिखेरने की भरसक कोशिश करती नजर आती है। प्रवासी परिंदे भी यहां आते हैं कुछ दिनों के लिए बसते हैं और फिर अपने देश उड़ जाते हैं। इस झील के दो मंजर हाल में राजधानी के दो सिद्धहस्त फोटोग्रफर्स देवेंद्र दुबे और अजय सोलंकी ने उभारे हैं।* ***(फेसबुक वॉल से साभार)***

# 'भारत गौरव' ट्रेनों में 96 हजार पर्यटकों ने यात्रा कर धार्मिक और पर्यटन महत्व को जाना

**'भारत गौरव' ट्रेन श्रीराम-जानकी यात्रा, अयोध्या से जनकपुर, श्रीजगन्नाथ यात्रा, 'गर्वी गुजरात' यात्रा, अम्बेडकर सर्किट; उत्तर-पूर्व भ्रमण जैसे प्रमुख पर्यटक सर्किटों की यात्रा कराई**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत गौरव पर्यटन ट्रेनों की मदद से 96 हजार से अधिक रेल यात्रियों ने अलग-अलग राज्यों में स्थित धार्मिक और प्राकृतिक महत्व के पर्यटन केदो की यात्राएं की।

आगे भी यह ट्रेन चलती रहेंगी। जिनमें पर्यटक परिवार के साथ यात्राएं कर सकेंगे। रेलवे ने विभिन्न पर्यटन केंद्र को जानने, समझने और उन्हें देखने के लिए इन विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू कराया है।



भारतीय रेलवे ने पर्यटक सर्किट ट्रेनों का उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थलों का प्रदर्शन और उनकी यात्रा कराना है। वर्ष 2023 के दौरान, 96 हजार 491 पर्यटकों को लेकर भारत गौरव ट्रेनों की कुल 172 यात्राएँ संचालित कराई, जो 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले देश भर के विभिन्न पर्यटन स्थलों को कवर करती हैं। 'भारत गौरव' ट्रेन श्रीराम-जानकी यात्रा, अयोध्या से जनकपुर, श्रीजगन्नाथ यात्रा, ÷गर्वी गुजरात÷ यात्रा, अम्बेडकर सर्किट; उत्तर-पूर्व भ्रमण जैसे प्रमुख पर्यटक सर्किटों की यात्रा को कवर करती हैं। इन ट्रेनों में की जाने वाली यात्रा में व्यापक टूर पैकेज की पेश की जाती है, जिनमें आरामदायक ट्रेन यात्रा और संबद्ध ऑनबोर्ड सेवाओं के साथ-साथ ऑफ-बोर्ड यात्रा और बसों द्वारा भ्रमण, होटल में रहना, टूर गाइड, भोजन, यात्रा बीमा आदि जैसी सेवाएं शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत बेहतर गुणवत्ता वाले कोचों के साथ रेल-आधारित पर्यटन के प्रावधान के माध्यम से घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहन देने के बारे में पूरा जोर दिया है। यह घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार की पहल 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'देखो अपना देश' के अनुरूप है। अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.irctctourism.com/bhartgaurav पर जाएं।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर जारी हुए निर्देश

# स्कूलों और कॉलेजों में 22 जनवरी को रहेगा अवकाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में विशेष उल्लास का माहौल है। ऐसे में मप्र में 22 जनवरी को सभी स्कूलों और कॉलेजों में 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। मप्र स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश घोषित किया गया था जिसके बाद छुट्टी को लेकर असमंजस की स्थिति थी। कई स्कूलों के प्राचार्य ने स्कूल, कॉलेज खोलने की बात कही थी। हालांकि शुक्रवार देर शाम आदेश जारी होने के बाद अवकाश को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है।

### स्कूलों-कॉलेजों सहित सरकारी कार्यालयों में होगी साज-सज्जा



प्रदेश के सभी स्कूलों में विशेष सफाई अभियान और स्कूलों व कॉलेजों की साज-सज्जा के निर्देश भी दिए गए हैं। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेशभर के जिला परियोजना समन्वयकों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जानी है। 21 जनवरी से 26 जनवरी तक सभी सरकारी कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था भी की जानी है। स्कूलों में इसको लेकर होने वाले खर्च शाला कंटिंजेंसी एवं कार्यालयों में होने वाला खर्च ऑफिस कंटीजेंसी से भुगतान किया जाएगा।

# क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में समय पर नहीं पहुंचते अफसर-कर्मचारी

### लेटलतीफी पर कलेक्टर-आरटीओ को जांच के निर्देश, 10 दिन में मांगा जवाब

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। भोपाल के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ( आरटीओ ) में अधिकारी से लेकर बाबूओ तक के लोगों का दोपहर होने के बाद भी कार्यालय में समय पर नहीं आने के मामले में आयोग ने कलेक्टर और आरटीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में 10 दिन में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही हैं जो शहर के दूसरे कोने से आरटीओ से संबंधित काम के लिये कार्यालय पहुंच रहे है। लेकिन स्टाफ की गैरमौजूदगी में यहां के एजेंट ही लोगों से आरटीओ से संबंधित कार्यो की डील कर रहे है।

### डॉक्टर के इंतजार में हड्डी रोगी परेशान-

भोपाल जिले के जय प्रकाश अस्पताल में हड्डी विभाग के डॉक्टर के लिये मरीजों को कई घंटे इंतजार करने का मामला सामने आया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने सीएमएचओ, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

### छेड़छाड़, पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश

आयोग ने बागसेवनिया क्षेत्र में बीते बुधवार को एक महिला को अपने काम पर जाने के दौरान एक युवक द्वारा जबरन रास्ते में रोक कर उसके साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस कमिश्नर से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

# वास्तव में सुशासन ही राम राज्य की परिकल्पना है : प्रो.सूर्यवंशी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हमें राम के व्यक्तित्व को आत्मसात करना चाहिए। उत्तरदायित्व का निर्वहन ही हमें सुशासन की ओर ले जाता है। हम सभी में राम का अंश है और राम से प्रेरणा लेकर हमें अपनी आदतों में सुधार करना चाहिए। वास्तव में सुशासन ही राम राज्य की परिकल्पना है राम सद्गुणों की खान हैं। यह बात भोज विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. रतन सूर्यवंशी ने कही।

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में राम राज्य की परिकल्पना पर आधारित एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रभारी कुलपति प्रो. सूर्यवंशी ने कहा कि भारत में संस्कृति एवं दर्शन में सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की परिकल्पना की गई है। वास्तव में राम राज्य की परिकल्पना सुशासन से जुड़ी है, भारत ने





हमेशा विशाल हृदय एवं त्याग का परिचय दिया है। उन्होने आवाहन किया कि, हमें अपने कर्तव्यों का संवेदनशील होकर पालन करना चाहिए। यही हमें सुशासन की ओर ले जाएगा। वहीं कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया ने कहा कि, राम बोलने से ही संतुष्टि का भाव आता है। राम हमारी सभ्यता का परिचय भी है। राम सर्वव्यापी हैं, राम नाम में मानवीय अनुभूति होती है। हमें उनके चरित्र एवं व्यक्तित्व का अपने में अनुसरण करना चाहिए। रामराज्य एक जीवन शैली है। हमें उनके चरित्र से जुड़ी संस्कृति को स्वीकार करना होगा।

# डाटा एंट्री ऑपरेटर्स के लिए जारी हुए 71.73 करोड़ रु

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### भुगतान के बाद 7 दिन में देना होगा उपयोगिता प्रमाण पत्र

प्रदेश सरकारी स्कूलों में आउटसोर्स पर रखे गए डाटा एंट्री ऑपरेटर्स के मानदेय के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने 52 जिलों को कुल 71 करो? 73 लाख 7 हजार 368 रूपए की राशि जारी की गई है। इसमें भोपाल जिले के 57 ऑपरेटर्स के लिए 20 लाख 7 हजार 181 रूपए की राशि जारी की गई है। खास बात यह भी है कि जिलों से भुगतान के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र 7 दिन के भीतर मांगा गया है। त्रुटिपूर्ण भुगतान के लिए आहरण संवितरण अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में आपरेटर्स के कुल 2982 पद स्वीकृत हैं और वर्तमान में यह सभी पद भरे हुए हैं।

## श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल हो: सिंधी पंचायत

# पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी शहादत दिवस

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत अमर हेमू कालाणी की 101 शहादत दिवस 21 जनवरी को मनाएगी। सुबह 10 बजे हेमू कालाणी स्टेडियम, फायर ब्रिगेड स्थित व नगर निगम मन्दिर में स्थित कालाणी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहेंगे। पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी व महासचिव मांधू चांदवानी ने संतनगर वासियों से 22 जनवरी को शाम 5 बजे निकलने वाली श्री रामचंद्र की भव्य शुभ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। पंचायत ने सभी से अपने घर व प्रतिष्ठानों पर दीप प्रज्ज्वलित करने और लाइटिंग करने को कहा है। अपील करने वालों में पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, संरक्षक हीरो ज्ञानचंदानी, महासचिव मांधु चांदवानी, मुख्य सलाहकार नरेश तोलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, नन्द दादलानीए जगदीश आसवानीए फैसला बोर्ड संयोजक राज मनवानी, सचिव मोहन मनवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सहसचिव जेठानन्द मंगतानी, सहकोषाध्यक्ष माधव पारदासानी व आडिटर हरीश मेहरचंदानी आदि शामिल है।

# सेवासदन को मोहनलाल वासवानी के नेत्रों का दान

**हिरदाराम नगर।** संतनगर निवासी 73 वर्षीय मोहनलाल वासवानी का देहावसान शुक्रवार को हो गया। वासवानी के पुत्र हरेन्द्र वासवानी ने पिता की आंखें सेवासदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। मोहनलाल के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2064 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है।



**मेट्रो एंकर** | सिद्व भाऊजी द्वारा श्रद्वालुजन से रामधुन में भाग लेने का आग्रह

# भारतीय समाज में प्रभु श्रीराम जन-जन के आराध्य

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतजी के उत्तराधिकारी संत सिद्ध भाऊजी ने संतनगर के रामानुरागी श्रद्धालुजन से आगामी 22 जनवरी को साधू वासवानी विद्यालय में आयोजित एक दिवसीय अखण्ड रामधुन में पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ भाग लेने का आग्रह किया है।

रामधुन का शुभारम्भ संत सिद्ध भाऊजी सुबह 08:30 बजे करेंगे। सिद्ध भाऊजी के प्रवचन के उपरांत प्रातः 09:00 से संध्या 06:00 बजे तक महिलाएं तथा संध्या 06:00 से अगले दिन सुबह 09:00 बजे तक पुरूष श्रद्धालुजन रामधुन लगायेंगे। उन्होंने कहा है कि तत्कालीन भारतीय समाज के देशकाल और परिस्थितयों के घटनाक्रमों के कारण वे अपने आराध्य की जन्मभूमि से साढ़े पांच सौ बरस तक दूर रहे। भारतीय समाज की जीवन शैली और हृदय में प्रभु श्रीराम रचे और बसे हुए हैं। कोई भी धर्मप्राण व्यक्ति कभी भी प्रभु श्रीराम से विमुख नहीं हो सकता।

प्रभु श्रीराम स्वयं न्याय प्रियता और समतामूलक समाज स्थापना के पैरोकार थे। उनके अनुयायियों ने इतने बड़े कालखण्ड तक उनके पद् चिन्हों पर चलकर शान्ति और सद्भावना के साथ अपने आराध्य की जन्मस्थली को पुनः प्राप्त किया है। भारतीय समाज के लिये यह प्रसंग केवल उल्हास का विषय नहीं है यह उनकी आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई बात है। ऐसे पुनीत अवसर पर समाज के सभी वर्ग 22 जनवरी 2024 का दिवस दीवाली की तरह मनाएं। अपने अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दीपक जलायें और प्रभु आराधना करें।




### प्राण प्रतिष्ठा श्रीराम कथा संतनगर में

**हिरदाराम नगर।** कैलाश नगर में संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन उज्जैन के कथा वाचक चेतन स्वरूप महाराज की कथा जारी है। समिति के प्रवक्ता पंडित रवि पटेरिया ने बताया अयोध्या जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम कथा का आयोजन रखा गया है। गंगा श्री फाउंडेशन अध्यक्ष उदित जोशी व्यास पीठ का पूजन किया। कथा के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण में गुफा मंदिर के ब्राह्मण योगेंद्र शास्त्री, चंद्रावन उपाध्याय, संदीप पचौरी, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, संदीप पाठक प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# संतनगर में 21 को दिखाई जाएगी अयोध्या गाथा



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्था मातृभूमि द्वारा आयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या 21 जनवरी को अयोध्या गाथा 500 वर्षों के संघर्ष की गाथा दिखाई जाएगी व दीये जलाए जाएंगे आतिशबाज़ी कर खुशियां मनाई जाएगी। एआज कार्यक्रम का न्योता नागरिकों को घर-घर जाकर दिया। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि 21 जनवरी को शाम 5.30 बजे स्थानीय चंचल चौराहा संत हिरदाराम नगर मैं अयोध्या गाथाका आयोजन होगा।

### श्री राम पर चित्रकला

ज्वाला कान्वेंट स्कूल में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम बनाओ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लाइन सिटी वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को धर्म ध्वजा दी। शोभा यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया। इस अवसर पर राज बतरा, हिंदू हेल्पलाइन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रायचंदानी व अन्य लोगों के साथ स्कूल की शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# प्रगतिशील विकास की लहर
# उन्नत होते हमारे शहर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## स्मार्ट सिटी मिशन एवं अन्य परियोजनाओं के तहत
# विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

"देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प के अनुरूप शहरों के आधुनिक विकास के लिए व्यवस्थित रूपरेखा बनाकर मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। बुंदेलखंड में हो रहे विकास के लिए सभी नागरिकों को **मेरी ओर से शुभकामनाएं।**"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री
**डॉ. मोहन यादव**
द्वारा

**20 जनवरी, 2024 - अपराह्न 1:00 बजे**
**पीटीसी खेल परिसर, सागर**



### लोकार्पण

- **बस टर्मिनल भोपाल रोड एवं न्यू आर टी ओ रोड** से सागर शहर की यातायात व्यवस्था में होगा सुधार
- **सिटीजन गवर्नेंस सेंटर व जोनल सिटीजन फेसिलिटेशन सेंटर** से जन्म-मृत्यु-विवाह प्रमाण पत्र, जल कर, संपत्ति कर आदि जमा करने की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध
- **ट्रांसपोर्ट नगर एवं मैकेनिक्स कॉम्प्लेक्स फेज-1** के निर्माण से शहर की घनी बसाहट से दूर एक ही स्थान पर मिलेगा विभिन्न ट्रांसपोर्ट कंपनी, वर्कशॉप, मैकेनिक शॉप्स का एकीकृत समाधान
- **मीट मार्केट** से एक ही स्थान पर मांस-मछली की दुकानों से स्वच्छता को सुनिश्चित करने में सहायता

### भूमिपूजन

- अनुसूचित जाति उपयोजना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य

D-11174/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# पाक पर ईरान का हमला भारत के लिए मौका, कूटनीति की जरूरत

### सुविचार

'दो पल के गुस्से से प्यार भरा रिश्ता बिखर जाता है, होश जब आता है तो वक़्त निकल जाता है।'

– अज्ञात

### संपादकीय

## एक और युद्ध

दुनिया में इस समय कई जगह युध्द चल रहे हैं या युध्द जैसे हालात हैं। रूस व यूक्रेन के बाद इजराइल व हमास तथा अब पाकिस्तान व इरान के एकदूसरे पर हमले चिंता पैदा करते हैं। ईरान की ओर से पाकिस्तान सीमा में स्थित एक आतंकवादी ठिकाने पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों ने पहले से ही तनावग्रस्त और संवेदनशील इस पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता को खतरा पैदा कर दिया है। हमला ऐसे समय हुआ है, जब 100 दिनों से भी ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच गाजा में चल रहे युद्ध के चलते पूरा मध्य-पूर्व असाधारण तनाव से गुजर रहा है। यही नहीं, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोही लाल सागर से गुजरते जहाजों को लगातार निशाना बना रहे हैं, जिससे ग्लोबल ट्रेड प्रभावित हो रहा है। ईरान ने जैश अल-अदल नाम के जिस आतंकवादी ग्रुप के ठिकाने को निशाना बनाने की बात कही है, वह पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी मुस्लिम ग्रुप है। यह ईरान की सीमा के अंदर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। हालांकि दोनों देशों के बीच करीब 950 किलोमीटर लंबी सीमा है। इसका ज्यादातर हिस्सा सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांतों में पड़ता है। ईरान शिया बहुल देश है, लेकिन इसके सिस्तान प्रांत में ज्यादातर सुन्नी आबादी रहती है। दोनों देशों के बीच रिश्तों में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं, लेकिन उनके बीच न केवल कूटनीतिक संबंध बने हुए हैं बल्कि व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को लेकर बातचीत और सहयोग भी जारी है। यह हमला अप्रत्याशित इसलिए भी माना गया क्योंकि उसी दिन दावोस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और ईरान के विदेश मंत्री की मुलाकात हुई थी। मगर इस मामले का ज्यादा बड़ा पहलू यह है कि यह एक सप्ताह में तीसरा मौका है, जब ईरान ने किसी और देश की क्षेत्रीय सीमाओं का उल्लंघन करते हुए हमला किया। इससे पहले इराक और सीरिया पर भी उसके हमले हुए। इस वजह से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह बढ़ी हुई आक्रामकता ईरान की किसी लंबी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ईरान का कहना है कि वह गाजा युद्ध से फैलते संघर्ष का हिस्सा नहीं बनना चाहता। लेकिन हूती, हमास, हिजबुल्ला जैसे कई ग्रुप हैं, जिन्हें वह प्रतिरोध की धुरी कहता है और जो संघर्ष को आगे बढ़ाने में सीधे तौर पर शामिल हैं। लाल सागर से गुजरते जहातों पर हूती विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए अमेरिका और सहयोगी देशों ने भी इनके ठिकानों पर हमले किए हैं। हालांकि उसके बाद भी हूती विद्रोहियों ने अपना अभियान जारी रखने की बात कही है। ईरान समर्थित समूहों के हमलों और इराक व सीरिया के बाद अब परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान पर उसकी कार्रवाई को समग्रता में देखें तो गाजा में चल रहे युद्ध के बड़े दायरे में फैलने का गंभीर खतरा साफ नजर आ रहा है। जहां तक पाकिस्तान की बात है तो वह आर्थिक रूप से इतना बदहाल है कि युध्द में परोक्ष या अपरोक्ष रूप से उसका कूदना उसे पूरी तरह बर्बाद ही कर देगा, दुनिया को ताकतवर देशों की बिरादारी को इस तरह के आक्रामकता भरे छोटे देशों के फैसलों पर गौर करना होगा और तनाव को कम करना ही होगा, क्योंकि जब ऐसे मंसूबों का दायरा बढेगा तो बडे देश भी खुद को इस आग में घिरा पाएंगे।

### कविता

## ज्ञान दिया, भक्ति न दोगे

**समर दिया, क्या शक्ति न दोगे ?**
**मेरे अजर अमर वरदानी,**
**कर डाली कैसी नादानी;**
**मिथ्या अहम् जगाने वाला**
**ज्ञान दे दिया, भक्ति न दोगे।**
**समर दिया, क्या शक्ति न दोगे ?**
पतझड़ को बसंत देना था,
उद्गम को अनंत देना था;
बिन माँगे अनुराग दे दिया
माँगे से अनुरक्ति न दोगे।
समर दिया, क्या शक्ति न दोगे ?

**-बलबीर सिंह 'रंग'**

### आज का इतिहास

- 2007 - अफ़्ग़ानिस्तान में सीमान्त गांधी के नाम पर संग्रहालय स्थापित किया गया।
- 2006 - नासा ने प्लूटो के बारे में और जानकारी के लिए न्यूहोराइजन यान को प्रक्षेपित किया।
- 2005 - कांचीपुरम में एक और मठ के मैनेजर की लाश बरामद।
- 2001 - जार्ज बुश जूनियर संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बने, ग्लोरिया आरोया फिलीपींस की राष्ट्रपति बनीं।
- 1993 - बिल क्लिंटन द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार गहन।
- 1990 - सोवियत सैनिकों ने अजरबैजान की राजधानी बाकू पर धावा बोला, अनेक लोग मारे गए।
- 1989 - जॉर्ज बुश ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- 1982 - मध्य अमेरिकी देश होंडुरस में संविधान प्रभावकारी हुआ।
- 1980 - अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया।
- 1977 - जिम्मी कार्टर सं.रा.अमेरिका के राष्ट्रपति बने।
- 1972 - अरुणाचल प्रदेश केंद्रशासित प्रदेश तथा मेघालय राज्य बना।
- 1971 - अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम का उदय केंद्रशासित प्रदेश के रूप में हुआ।
- 1968 - इराक के राष्ट्रपति आरिफ़ हटा दिये गए।
- 1964 - अमेरिका में मीट द बीटलेस जारी हुआ।
- 1961 - जॉन एफ केनेडी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- 1958 - नाटो के प्रक्षेपात्रों की तैनाती की सुविधा न देने की स्थिति में यूनान पर आर्थिक प्रतिबन्ध लगाने की धमकी सोवियत संघ ने दी।
- 1957 - भारत की पहली परमाणु भट्टी अप्सरा का उद्घाटन हुआ।
- **भारत** द्वारा आर्थिक प्रतिबन्ध लगाये जाने के बाद दक्षिण अफ़्रीका ने भारतीय जहाज़ों को अपने यहाँ सुविधाएँ नहीं देने की घोषणा की।
- **वामपंथी** नेता गोलुल्का ने पोलैंड में संसदीय चुनाव जीता।

**विवेक शुक्ला**



अपने को इस्लामिक संसार का नेता समझने के मुगालते में रहने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोलकर एक बड़ा संदेश दुनिया को दिया कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन खुल्लम-खुल्ला काम कर रहे हैं। ईरान ने बीते मंगलवार को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। हमले से विचलित पाकिस्तान ईरान के एक्शन पर विरोध जताकर चुप हो गया है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया। भारत तो दशकों से चीख-चीख कर दुनिया को बता रहा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को खाद-पानी देने वाला मुल्क है।

उल्लेखनीय है कि 28-29 सितंबर, 2016 की रात को भारतीय सेना के कमांडोज ने आजाद कश्मीर में घुसकर 38 आतंकी मार गिराए थे। अजीब इत्तेफाक है कि उसी समय पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर ईरान ने मोर्टार दागे थे। ईरान के बॉर्डर गार्ड्स ने सरहद पार से बलूचिस्तान में तीन मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है।पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। याद रखिए कि यह वही ईरान है जिसने 1965 में भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया था। ईरानी नेवी साथ दे रही थी पाक नेवी का। लेकिन तब से स्थितियां बहुत बदल चुकी हैं। एटमी गुंडे यानी पाकिस्तान से उसके कई पड़ोसी नाराज हैं, क्योंकि वो हर जगह आतंकवाद फैलाता रहा है।

ईरान पाकिस्तान से तब से नाराज है क्योंकि दोनों देशों की सीमा पर तैनात ईरान के दस सुरक्षाकर्मियों को 2017 में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था। तब से ही ईरान-पाकिस्तान के संबंध सामान्य नहीं रहे थे। ईरान-पाकिस्तान में इसलिए भी तनातनी रही है, क्योंकि ईरान शिया तो पाकिस्तान सुन्नी मुस्लिम देश है। पाकिस्तान की सऊदी अरब से नजदीकियां कभी भी ईरान को रास नहीं आई हैं। दरअसल, पाकिस्तान को सऊदी अरब से कच्चा तेल आराम से मिल जाता है। उसे कच्चा तेल तो ईरान, नाइजरिया या और किसी और देश से भी मिल सकता है, पर उसके नागरिकों को नौकरी और कोई देश नहीं दे सकता। इसलिए पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ चिपका रहता है। ईरान और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बड़ा बदलाव तब आया जब दिसंबर, 2015 में सऊदी अरब ने आतंकवाद से लड़ने के लिए 34 देशों का एक 'इस्लामी सैन्य गठबंधन' का फैसला किया। लेकिन इस गठबंधन में शिया बहुल ईरान शामिल नहीं किए गए। इसमें सऊदी अरब ने पाकिस्तान को प्रमुखता के साथ जोड़ा। इस कारण ईरान काफी नाराज हुआ था पाकिस्तान से। इस गठबंधन का चीफ बनाया गया था पाकिस्तान का पूर्व आर्मी चीफ जनरल राहिल शरीफ को। ये गठबंधन कभी कायदे से अपना काम नहीं कर सका। इस गठबंधन को ईरान विरोधी के रूप में भी देखा गया, जो सऊदी अरब का मुख्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी है। खैर, ईरानी एक्शन भारत के लिए अनुपम अवसर है ईरान से अपने संबंधों को मजबूती देने का। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईरान की दो दिवसीय यात्रा पर जा चुके हैं। ईरान के राष्ट्रपति डॉ. हसन रूहानी के निमंत्रण पर हुई उस यात्रा में मोदी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अल खुमैनी से भी मिले थे। खुमैनी आमतौर पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से मिलते नहीं हैं। लेकिन वे मोदी से मिले थे। साफ है कि ईरान ने मोदी की यात्रा को खासी तरजीह दी थी।

भारत के लिए ईरान एक बहुत महत्वपूर्ण देश है। ईरान न केवल तेल का बड़ा व्यापारिक केन्द्र है, बल्कि मध्य-एशिया, रूस तथा पूर्वी यूरोप जाने का एक अहम मार्ग भी है। भारत ऊर्जा से लबरेज ईरान के साथ अपने संबंधों में नई इबारत लिखने का मन बना चुका है। भारत मुख्य रूप से कच्चे तेल को सऊदी अरब और नाइजीरिया से आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से ईरान को ये संदेश मिल गया था कि भारत उसके साथ आर्थिक और सामरिक संबंधों को मजबूती देना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच 2008 में हुए असैन्य परमाणु करार के बाद ईरान के साथ बहुत सारी परियोजनाओं को या तो रद्द कर दिया गया था या टाल दिया था। इस कारण ईरान भारत से खफा तो था। भारत और ईरान के बीच मतभेद और गलतफमियां रही हैं। ईरान इस वजह से भारत से नाराज था क्योंकि उसने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के परमाणु रिकॉर्ड के खिलाफ नकारात्मक वोट किया था। दरअसल, भारत ने अमेरिका के दबाव में ईरान के खिलाफ वोट किया था।ईरान भी भारत से संबंधों को मजबूती देना चाहता है। भारत तेल एवं गैस का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और वह ईरान से अधिकतम तेल एवं गैस खरीदना चाहता है। ईरान भी चाहता है कि उसे भारत जैसा बड़ा खरीददार मिल जाए।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## सोच समझकर दोस्ती करना ही भला



**आचार्य** चाणक्य का नाम विश्व के श्रेष्ठतम विद्वानों में लिया जाता है। आज भी उनके विवेक और चतुराई की सराहना की जाती है। आचार्य चाणक्य ने अपने अनुभव, ज्ञान और बुद्धि कौशल से जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कई नीतियां बनाई थीं। चाणक्य की इन नीतियों का आज भी बहुत ज्यादा महत्व है। उनके द्वारा बनाई गई नीति का पालन करने से व्यक्ति के जीवन में होने वाली कई समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति शास्त्र में कुछ ऐसे लोगों के बारे में जिक्र किया है, जिनसे व्यक्ति को हमेशा सावधान रहना चाहिए। जैसे, कवि को लेकर एक कहावत प्रचलित है %जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि%। इस कहावत का मतलब है जहां सूर्य की रोशनी भी न पहुंच सके वहां पर कवि की सोच पहुंच जाती है। यानी कवि अपनी कविता के माध्यम से कोई भी बात आसानी से कह सकता है, इसलिए चाणक्य कहते हैं कि कवि से दोस्ती और दुश्मनी दोनों सोच समझकर करनी चाहिए। इसी प्रकार जो व्यक्ति हमेशा शराब के नशे में डूबा रहता है, उसके साथ कभी भी दोस्ती नहीं करनी चाहिए। नशे में व्यक्ति अपनी सारी मर्यादाएं भूल जाता है। उसके मन में जो आता है वह बोल देता है, स्वार्थी व्यक्ति से दूर रहना चाहिये क्योंकि ऐसे लोग हमेशा अपने बारे में सोचते हैं।

इसी तरह चाणक्य नीति में आचार्य चाणक्य ने सुखी जीवन के कई रहस्य भी बताए हैं। इनकी नीतियों के जरिए व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है। चाणक्य ने अपनी नीति में धर्म-अधर्म, कर्म, पाप-पुण्य के अलावा सफलता के भी कई मंत्र बताए हैं। यदि आप भी जीवन में सफल बनना चाहते हैं तो आचार्य चाणक्य की इन बातों का पालन जरूर करें। चाणक्य के सिद्धांतों और विचारों को अपनाने से बहुत जल्द कामयाबी मिल सकती है। चाणक्य के अनुसार यदि आपको जीवन में सफल होना है तो सिर्फ अपनी नहीं बल्कि दूसरों की गलतियों से भी सीख लेनी चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि जो व्यक्ति दूसरों की गलतियों से नहीं सीखता और खुद पर प्रयोग करता है उसे तरक्की के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। व्यक्ति को भाग्य के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। बल्कि जीवन में सफल होने के लिए मेहनत करते रहना चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो कठिन से कठिन स्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं।

**वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम - 2024 ...**

# एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण संरचनात्मक बदलाव

भारत की अर्थव्यवस्था में पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक बदलाव देखा गया है यह मूल रूप से 4 प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। पहला महत्वपूर्ण मुख्य स्तंभ उत्पादकता में सुधार करना, अर्थव्यवस्था में दक्षता में सुधार करना है। भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश हुआ है। इस वित्तीय वर्ष में बुनियादी ढांचे में लगभग 30 बिलियन डॉलर का निवेश किया गया है। इस वर्ष, भारत बुनियादी ढांचे में .120 बिलियन का निवेश कर रहा है, जिसके कई प्रभाव होंगे। उत्पादकता पर प्रभाव बहुत अच्छा है, समग्र आर्थिक गतिविधि पर 3.6 गुना प्रभाव होगा यानी कि यदि .100 का निवेश करते हैं, आर्थिक गतिविधियाँ वास्तव में .360 की होगी। करीब 240 उद्योगों जैसे कि स्टील, सीमेंट, निर्माण मशीनरी। पेंट उद्योग, लाइटिंग,केबल उद्योग आदि को फायदा मिला है। जल, गैस कनेक्शन की संख्या देखें कनेक्शन, 110 मिलियन गैस कनेक्शन दिए गए। तो, खाना पकाने की पूरी आदतें बदल दें लकड़ी के आधार से गैस आधार तक। कई कारक जो मूल रूप से ला रहे हैं। पिरामिड के निचले भाग के लोगों में परिवर्तनकारी परिवर्तन। तीसरा सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करना है। मैन्युफैक्चरिंग में चाहे वह इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हो, रक्षा विनिर्माण हो, फार्मास्यूटिकल्स हो, रसायन हो, कपड़ा इत्यादि व्यावहारिक रूप से अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र, बहुत स्पष्ट रूप से केंद्रित प्रोत्साहन, बहुत सारे,और उद्योग ने बहुत सारे हस्तक्षेपों की मांग की है । केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि यह एक ऐसी सरकार है जो खुले दिमाग से



विचारों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देती है, नौकरी के मामले में सरकार और मैन्युफैक्चरिंग ने फिर से बहुत अच्छा प्रोत्साहन दिया है। 2019 में, हर महीने लगभग 06 लाख औपचारिक नौकरियाँ सृजित हुईं, आज यह लगभग 1.5 मिलियन औपचारिक नौकरी के अवसरों का सृजन हर महीने होता है। कई तरीकों से यह सकारात्मक प्रभाव आया है और इससे पूरी अर्थव्यवस्था को मदद मिली है। चौथा बड़ा स्तंभ यह है कि इसमें भारी मात्रा में सरलीकरण किया गया है, क़ानून की किताब पर 1500 से अधिक पुराने क़ानून निरस्त कर दिए गए।

सरकार ने औपनिवेशिक युग के कई कानूनों और प्रक्रियाओं को पूरी तरह से हटा दिया है, 30,000 अनुपालन हटा दिए गए हैं, यह एक ऐसी सरकार है जो खुले दिमाग निरपेक्षता से सुनती है। वैष्णव कहते हैं कि मैं एक उदाहरण दूंगा, टेलीकॉम सेक्टर, टेलीकॉम के कुछ मित्र सेक्टर यहाँ बैठा है। 10 साल पहले, एक टेलीकॉम टावर स्थापित करने के लिए परमिट प्राप्त करने में कितना समय लगता था, जिसे 230 दिन से इसे घटाकर 7 दिन कर दिया गया है क्योंकि इतना सरलीकरण हो चुका है और उसमें से यदि आप टेलीकॉम टावर के लिए 85त्न अनुमतियों को देखें, वे तात्कालिक हैं, आप एंटर बटन दबाएं और आपको अपना परमिट मिल जाएगा, सिवाय उन टावरों के, जो रक्षा और विमानन प्रतिष्ठान करीब हैं। बाकी सब कुछ व्यावहारिक रूप से तात्कालिक है। यह सरलीकरण का स्तर है जो हो रहा है। इन 4 स्तंभों में निवेश बुनियादी ढांचा भौतिक और डिजिटल दोनों, समावेशी विकास, विनिर्माण पर ध्यान और अत्यधिक मात्रा में सरलीकरण ने ही हमें यह विकास दिया है। 95 प्रतिशत विश्वास के साथ हम सभी अगले का पूरा आकलन कर सकते हैं कि अगले दशक में भारत 6 से 8त्न की दर से हम विकास कर रहे होंगे।



## परिवहन मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने की मां नर्मदा की पूजा अर्चना

**नर्मदापुर।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल आज नर्मदापुरम पहुंचे। उन्होंने यहां जिले के पावन सेठानी घाट पर मां नर्मदा की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने भक्ति भाव से मां नर्मदाअष्टक और मां नर्मदा की आरती की। मंत्रीद्वेय द्वारा भगवान रामलला की भी पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महाआरती समिति सेठानी घाट द्वारा सुमधुर आरती की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक पिपरिया ठाकुर दास नागवंशी,नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव , जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, दर्शन सिंह चौधरी, श्रीमती माया नारोलिया, पीयूष शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## छात्राओं से अश्लील हरकत एवं अभद्रता करने वाला शिक्षक निलंबित

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

कन्या शिक्षा परिसर पवारखेडा में पदस्थ परीक्षा प्रभारी शिवबाबू मिश्रा (मूल पद उच्च माध्यमिक शिक्षक) के द्वारा विद्यालय की छात्राओं से अश्लील हरकते एवं अभद्रता किये जाने की शिकायत पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की रिपोर्ट पर आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई। कलेक्टर सुश्री मीना के निर्देशानुसार शिकायत की जांच महिलाओं की तीन सदस्यीय समिति द्वारा की गई। समिति में डिप्टी कलेक्टर ,शिक्षा विभाग तथा महिला एव बाल विकास विभाग की महिला अधिकारी शामिल रहें।समिति की जांच में शिकायत सही पाई गई।उक्त कृत्य के लिए म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के तहत शिक्षक शिवबाबू मिश्रा को दोषी पाते हुए म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, जिला नर्मदापुरम निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण में रिपोर्ट देरी से प्रस्तुत करने पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग नर्मदापुरम के विरुद्ध भी कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा गया हैं।

### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री का जिले भर में हुआ आत्मीय स्वागत

# श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपोत्सव के रूप में मनाएं: उदय प्रताप

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो·**

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का नर्मदापुरम आगमन पर जिले भर में नागरिकों ने आत्मीय स्वागत किया। जगह जगह बनाएं गए मंचो से नागरिकों ने पुष्पमालाएं पहनाकर मंत्री श्री सिंह का अभिनंदन किया। ढोल बाजे के साथ प्रमुख स्थानों और चौराहों पर परिवहन मंत्री श्री सिंह का स्वागत हुआ। विभिन्न स्थानों पर उनका तुलादान भी किया गया। सबसे पहले परिवहन मंत्री पिपरिया पहुंचे। यहां नागरिकों ने मंत्री श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया। नागरिक अभिनंदन का मुख्य कार्यक्रम दीन दयाल पार्क पिपरिया में आयोजित हुआ। जिसमें पिपरिया के व्यापारी, उद्योग, शिक्षक, किसान ,पत्रकार, वाल्मीकि आदि संघों द्वारा स्वागत किया गया। नगरपालिका ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके बाद परिवहन मंत्री श्री सिंह शोभापुर पहुंचे यहां आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों , जनप्रतिनिधि और स्कूली बच्चो द्वारा फूल माला से स्वागत किया। सोहागपुर में मुख्य कार्यक्रम मुख्य बाजार में आयोजित किया गया। जहां विभिन्न संगठनों , संघों एवं शहर के नागरिकों ने परिवहन मंत्री श्री सिंह का आत्मीय स्वागत किया। सीएमराइज स्कूल सोहागपुर के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।सेमरीहरचंद और माखन नगर में स्वागत अभिनंदन के प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने मंत्री श्री सिंह का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक पिपरिया ठाकुर दास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया नगरपालिका अध्यक्ष नीना नागपाल, साडा अध्यक्ष कमल धूत, दर्शन सिंह चौधरी, माधवदास अग्रवाल, श्रीमती माया नारोलिया , श्रीमती सविता दीवान शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बढ़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



परिवहन मंत्री श्री सिंह ने आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश ने प्रगति की नई ऊंचाइयां स्थापित की है। सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से देश का विकास किया गया हैं। हमारी कल्पनाओं को चरितार्थ करने का काम प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया हैं। कश्मीर समस्या, तीन तलाक हो या महिला आरक्षण जटिल से जटिल समस्या को आसानी से हल किया हैं। और अब अयोध्या में बने भव्य मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही। जो आज प्रत्येक भारत वासियों के लिए भक्ति भावना के साथ गौरव का क्षण है। उन्होंने सभी से इस महायज्ञ में अपनी आहुति देने का आग्रह किया। उन्होंने भगवान राम लाल आपका प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपावली की तरह मनाएं। घर घर दीप जलाएं। भजन संध्या, राम कीर्तन का आयोजन मंदिरो में किया जाए।

परिवहन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मेरे दायित्व बदल सकते हैं किंतु मेरी जनसेवा की भावना पहले की तरह ही रहेगी। नर्मदापुरम में हुए स्वागत से अभिभूत हूं। अपने सेवक के स्वागत के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कार्य योजना बनाकर रुके हुए कामों को तेजी से पूर्ण किया जाएगा।

## शास. कॉलेज सुखतवा में लगा ड्राइविंग लाइसेंस शिविर 125 छात्र छात्राओं ने बनवाए लाइसेंस

**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को कलेक्टर के दिशा निर्देशानुसार आरटीओ श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चौरसिया जी के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ राधा आशीष पांडे के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में उपस्थित, सौरभ दीवान, दिलीप कुमार, बाबू सियाराम मोरजाल, निरंजन सिंह की टीम ने महाविद्यालय परिवार की छात्राओं के निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं। जिस उत्साह से छात्राओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में अपनी इच्छा जाहिर की वहीं छात्रों ने भी वर्तमान समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में लाइसेंस को प्रथम स्थान देने की मनसा के अनुरूप छात्रों द्वारा भी लाइसेंस बनवाए गए, मौजूदा टीम में आज करीब 125 लाइसेंस बनाए गए। इस दौरान महाविद्यालय परिवार की ओर से सहयोग करने हेतु डॉ प्रवीण कुशवाहा डॉ सतीश ठाकरे, डॉ धीरज गुप्ता श्रीमती संध्या उपाध्याय राकेश अहिरवार शकुन भलावी की टीम ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। लाइसेंस बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया, इस दौरान कन्हैया बारस्कर सुरेंद्र सलाम शारदा श्रेया आदित्य चौहान मृदुल बरसे और अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे, आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि नर्मदापुरम जिले की प्रत्येक तहसील में आरटीओ विभाग द्वारा लगातार निशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाइसेंस बनाए जाएंगे।



## आयुष विभाग नर्मदापुरम द्वारा 'औषधि पौधों की खेती' विषय पर कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो·**

मप्र शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ.शैलेंद्र कुमार आर्य के मार्गदर्शन में कार्यालय संयुक्त संचालक उद्यान नर्मदापुरम के प्रशिक्षण हॉल में औषधि पौधे अश्वगंधा, तुलसी, शतावर की 2 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 एवं 18 जनवरी को किया गया। जिसमे कृषि विज्ञान केंद्र पवारखेड़ा के साइंटिस्ट डॉ. विजय अग्रवाल, कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. आशीष शर्मा एवं संयुक्त संचालक उद्यान श्रीमती रीता उइके द्वारा राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड द्वारा स्वीकृत राज्य औषधि पादप बोर्ड द्वारा निर्देशित औषधि पौधे अश्वगंधा तुलसी एवं शतावरी की कृषि के विषय पर जिले के 35 से अधिक किसानों को विभिन्न औषधि पौधों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं पोस्ट मार्केटिंग होने वाली समस्याओं के निदान तथा दुनिया में आयुर्वेदिक औषधि के उपयोगिता आदि विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.एस.आर. करोंजिया द्वारा अवगत कराया गया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस में आयुष विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा विभिन्न योजनाएं जैसे देवारण्य योजना के माध्यम से भी किसानों को अवगत कराया गया तथा दूसरे दिन कृषकों को ग्राम पतलई मे फील्ड भ्रमण कराकर खेती से हटकर औषधि पौधों की खेती कर शासन की योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यरूप से आयुष विभाग के डॉ. विमला गढ़वाल, डॉ. संदीप रघुवंशी डॉ. नीरज यादव डॉ. विजय उइके, संतोष कुडापे, अशोक मालवीय एवं श्री सुनील चौहान उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम मिसरोद के उन्नतशील किसान प्रमोद दुबे एवं ग्राम पतलई के कृषक रमाकांत आदि ने अपने बहुमूल्य विचार रखे एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ज्ञान अर्जित कर औषधि पौधों के ऊपर कृषि करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

## छात्र-छात्राओं ने जंगल का किया भ्रमण वनस्पति, वन्यप्राणियों की मिली जानकारी

**सिवनी मालवा ।** वनपरिक्षेत्र सिवनी मालवा सामान्य, वनमंडल के अंतर्गत वनपरिसर मानकपुर कक्ष क्रमांक RF-06 में स्थित मोरन नदी के किनारे अति रमणीक स्थल राजाबैठक पर मोरननदी के किनारे दो दिवसीय मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के अंतर्गत अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। हायर सेकंडरी स्कूल सिवनी मालवा के विद्यार्थियों में 97 छात्र एवं 115 छात्राओ ने भ्रमण के दौरान वन्यप्राणी, वन औषधि, वन संप्रदाय खनिज सहित प्रकृति में वन संप्रदाय का क्या महत्व है उसको समझा, वही वन विभाग के मास्टर ट्रेनर द्वारा छात्र-छात्राओं को दिनभर जंगल भ्रमण के दौरान क्या-क्या सीखने को मिला इसकी प्रतियोगिता परीक्षा का भी आयोजन किया गया वहीं सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान श्रेयस श्रीवास्तव (अंडरटेनर डीएफओ) वन परिक्षेत्र अधिकारी सिवनी मालवा,अनिल विश्वकर्मा उपमंडला उपवन मंडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर रामकिशोर चौरे सेवानिवृत्ति अपर वन मंडला अधिकारी, बी,एल,अहिरवार उपवन क्षेत्रपाल,बृजेश पगारे वनपाल,राकेश राजपूत वनरक्षक श्यामू पहाडे वनपाल वन चौकी प्रभारी लोखर तलाई, बी, एल, डोले ढोकना महेश कुमार महेश गौर सांटई रामेश्वर इवने पंकज पाल सहित समस्त वनरक्षक वन अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## समृद्धि वेयरहाउस खापरखेड़ा में लगभग 2300 क्विंटल अमानक धान जप्त

### समिति प्रबंधक और केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के पिपरिया स्थित समृद्धि वेयरहाउस खापरखेड़ा में लगभग 2300 क्विंटल धान अमानक पाए जाने पर जप्त की गई है। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना न उक्त प्रकरण में केंद्र प्रभारी एवं समिति प्रबंधक की संलिप्तता पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश उपायुक्त सहकारिता को दिए हैं। जिस पर समिति प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया हैं।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा धान उपार्जन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं उपार्जन संबंधी अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों की निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में गुरुवार को खंड स्तरीय उपार्जन समिति पिपरिया द्वारा समृद्धि वेयरहाउस खापरखेड़ा का निरीक्षण किया गया। जिसमें मौके पर वेयरहाउस में लगभग 2200 से 2300 क्विंटल धान अव्यवस्थित पड़ी हुई पाई गई। जिसकी समिति द्वार जांच की गई। जांच समिति को मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक महेंद्र पटेल द्वारा बताया गया कि यह धान का ढेर 6 किसानों का है, जिनके स्लॉट बुकिंग के दस्तावेज समिति प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत किए गए। जबकि उक्त किसान मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए। साथ ही धान का सैंपल परीक्षण भी किया गया। एसडीएम पिपरिया के निर्देशन में खंड स्तरीय समिति द्वारा अमानक पाए जाने पर धान को जप्त कर अंतिम उपार्जन तिथि तक रखी जाने और उपार्जन उपरांत संबंधित किसानों को वापिस करने निर्णय लिया गया।

## राम राज्य की अवधारणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा आनंदोत्सव पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृति सनातन और भारत की प्राचीन परंपरा से जोड़ना रहा। भाषण का विषय ÷राम राज्य की अवधारणा÷ पर विद्यार्थियों ने अपने वैचारिक तर्क और कर्तव्यों पर वक्तव्य केंद्रित किये। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हम साक्षी बन रहे हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। धर्म ,संस्कृति,नैतिकता और गौरव शाली इतिहास से रामराज्य की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ अमिता जोशी ने विद्यार्थियों को बताया कि रामराज्य की कल्पना का मतलब सारे युगों में प्रभु श्री राम का मर्यादित राज्य होना है वहां राजा और प्रजा दोनों ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें सबके मान सम्मान की बात ही राम राज्य है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ के जी मिश्र ने न्यायकारी राजा द्वारा प्रजा का कल्याण करने को राम राज्य कहा। लक्ष्य मालवीय, ऋतुराज भलावी, ज्योति पाल, किरण अहिरवार, हेमंत सहित अनेक प्रतिभागियों ने विषय पर अपने विचार बेहतर तरीके से व्यक्त किए। परिणाम में मानस दुबे प्रथम रहे। उन्होंने राम के आदर्श को वनगमन के साथ केवट, सुग्रीव, हनुमान, शबरी प्रसंग और रामराज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला। द्वितीय स्थान अभय अमोले ने प्राप्त किया। उनके दृष्टिकोण से राम ने सभी को श्रेय दिया, रामराज्य में सभी को समानता की दृष्टि से देखा जाता था। तृतीय स्थान प्राप्त अर्जुन यादव ने युवाओं को रामराज्य स्थापित करने के लिए स्वतंत्रता का सही उपयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ कल्पना विश्वास ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ मनीष परिहार का रहा। डॉ अंजना यादव डॉ रूप भावसार डॉक्टर शोभा बिसेन नितिन वाघमारे देवांश बैरागी सहित अत्यधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर**

### शासकीय अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार के लिये कार्य योजना बनाएं

# सिवनी मालवा सहित पूरा जिला शीतलहर की चपेट में जन समुदाय को शीत लहर से बचाव के दिए सुझाव

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। सभी जिला तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा संभावित शीतलहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीतलहर (शीतघात) कार्य योजना तैयार की जाये। प्रत्येक स्तर (जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग) पर शीतलहर प्रबंधन के लिये एक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये। भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीतलहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था की जाये।

शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबंधित सुझाव का प्रचार- प्रसार होर्डिंग तथा प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम, सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाये। बेघर/प्रभावित लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क /मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से कम्बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थाओं का कार्य समय, भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा शीतलहर से संबंधित दी गई चेतावनी अनुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जायें। जिले में स्थित सभी शासकीय अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार के लिये विशिष्ट कार्य योजना बनाई जाये।



### शीतलहर के दौरान क्या करें

सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें। जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

# केडीबीएम में हेल्थ हाइजीन विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

केडीबीएम इटरनेशनल स्कूल और महाविद्यालय में पीएनजी प्रोक्टर एंड गैंबल के द्वारा एक दिवसीय हेल्थ हाइजीन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमई प्रीति भारद्वाज ने छात्राएं को जागरूक करते हुए बताया कि पीरियड्स लड़कियों में होने वाली एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। हालांकि आज भी कई लोग इस बारे में खुलकर बात करने में झिझकते हैं। इस कार्यक्रम का मकसद पीरियड्स के दौरान हाइजिन बनाये रखना उसके प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने आगे कहा कि आज भी युवा लड़कियों को मासिक धर्म शुरू होने पर स्कूल छोड़ना पड़ता है। आज भी हमारे देश में पीरियड्स से जुड़ी चीजों को खरीदने में लोगों को शर्मिंदगी महसूस होती है इसलिए हमे जागरूक होना जरूरी है।

# डॉ. आनंद को मरुधरा ग्लोरी अवॉर्ड '24' जयपुर से किया गया सम्मानित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




जयपुर के एक होटल में 8 जनवरी को जीवन जागृति फाउंडेशन के द्वारा अवॉर्ड फंक्शन आयोजित किया गया। जिसमें बीना मध्य प्रदेश के निवासी डॉ. आनंद गांधी को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट कार्य के लिए ष् मरुधरा ग्लोरी अवॉर्ड श्24ष् जयपुर से सम्मानित किया गया है। इसमें डायरेक्टर और वरिष्ठ पत्रकार शंकर सैनी, वीणा कैसेट के डायरेक्टर हेमजीत मालू जयपुर की मशहूर एस्ट्रोलॉजर और अंतरराष्ट्रीय टैरो कार्ड रीडर नवनीता शर्मा और जयपुर के महारानी कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल श्रीमती अमला बत्रा भी मौजूद रहीं। डा गांधी ने बताया कि सिरोंज की जनता की सेवा के लिए अगले ही माह से सिरोंज में सेवाएं देंगे, जिससे सिरोंज और आस पास के क्षेत्र की जनता को दूसरे शहर में जाने से जो अनावश्यक खर्च होता है उससे बचा जा सके।

# नव मतदाता दिवस मनाए जाने को लेकर विधायक ने ली बैठक



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय लाल बहादुर शास्त्री के शिक्षक परिवार के साथ एक बैठक आयोजित किया जिसमें विधायक उमाकांत शर्मा ने समस्त शिक्षक परिवार से उनका परिचय एवं क्या विषय पढ़ाते हैं पर चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाना है जिसका आयोजन भव्य हो यह आप सभी शिक्षकों का दायित्व है साथ ही उन्होंने कक्षा अध्यापक के मतदाता दिवस के दिन 100 प्रतिषत उपस्थिति रहेगी उन तीन कक्षा अध्यापकों का सम्मान भी किया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका और जनपद भी सहयोग करेंगे इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत , जनपद सीईओ वंदना शर्मा नगर पालिका सीएमओ सहित महाविद्यालय का शिक्षक परिवार उपस्थित रहा।

## कॉलेज परिसर में नव मतदाताओं की चर्चा

महाविद्यालय में आयोजित बैठक के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा ने कॉलेज परिसर में खेल रहे नव मतदाताओं से चर्चा की एवं उन्हें वोट का महत्व बताया। युवा छात्रों से बातचीत करते हुए उन्होंने आव्हान किया कि 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नव मतदाता सम्मेलन में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने का प्रयास करें।

# ग्राम पंचायत मुछैल तथा मउजागीर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल: चौधरी



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुछैल तथा मउजागीर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से छूट गए हैं उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि कई बार दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को योजनाओं की जानकारी नहीं होने से योजनाओं का लाभ लेने से छूट जाते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न माध्यमों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूर-दराज में पात्र और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है और योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समद्धि लाने के प्रयास किये जा रहें है। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन सहित अन्य योजनाओं का भी उल्लेख किया।

विधायक डॉ चौधरी ने शिविर में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गई।

## सिरोंज की जीवन रेखा मानी जाने वाली

# केथन नदी की सुंदरता को वापस लौटने के प्रयास में जुटे विधायक

- नपा द्वारा जेसीबी,पोकलेन मशीनों के माध्यम से की जा रही नदी की साफ-सफाई व गहरीकरण।
- विधायक के प्रयास से एक बार फिर केथन नदी को वापस मिलेगा अपना पुराना सुंदर व स्वच्छ रूप।



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर की प्राचीन केथन नदी को सुदंर और स्वच्छ बनाने व नदी का गहरीकरण करने के लिए नपा ने अब कमर कस ली। विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देषन में नपा द्वारा नदी में फैली जलकुम्भी को हटाकर नदी की साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही नदी को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नदी का गहरीकरण भी चालू हो चुका है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बुधवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पंचकुईया स्थित केथन नदी घाट पहुचकर नदी की साफ-सफाई की



और नपा सीएमओ राम प्रकाष साहू को निर्देषित किया कि जल्द से जल्द नदी में जमी हुई जलकुंभी को हटाकर नदी को सुंदर और स्वच्छ बनाया जाए जिससे नदी की सुंदरता वापस लौट सकें। वही विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देषन में नपा सीएमओ द्वारा नदी का गहरीकरण व साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ होने से शहरवासियों को फिर एक बार उम्मीद बंधती दिखाई दे रही है कि इस बार नगर की प्राचीन केथन नदी का उद्धार होगा।

## सिरोंज की जीवन रेखा मानी जाती थी केथन नदी

एक समय था जब केथन नदी को सिरोंज की जीवन रेखा माना जाता था। लोगों की पानी संबंधी अधिकांश आवश्यकता की पूर्ति इसी नदी के माध्यम से ही होती थी। यह नदी एक समय शहर से बाहर से निकलती थी। जैसे-जैसे शहर की बसाहट बढ़ती गई वैसे- वैसे नदी शहर के बीच में आती गई। केथन डेम बनने के बाद नदी के शहरी हिस्से में पानी कम रहने लगा। सिर्फ बारिश के महीने में नदी में निरंतर बहाव दिखाई देता था। साल के अन्य महीनों में नदी के पानी में ठहराव की स्थिति बनी रहती थी। लोगों की पानी की जरूरत भी डेम से होने लगी। इन सब स्थितियों का दुष्प्रभाव नदी को ही झेलना पड़ा। नदी के ठहरे हुए पानी में लोगों ने कचरा फेंकना शुरू कर दिया। प्रशासन की अनदेखी तथा आमजन की अरुचि की वजह से केथन नदी का प्रदूषण लगातार बढ़ता गया। लोगों द्वारा नदी में फेंका गया कचरा किनारों पर ही जमता गया और नदी का आकार घटता गया। जिसके चलते यह नदी अपना अस्तिव खोती नजर आ रही है। इसके परिणाम स्वरूप नदी का प्रदूषण एक बार फिर जस के तस हो गया।

## नदी को सुंदर बनाने में जुटी नपा

पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा के सपने को सकार करने के लिए उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा नगर की केथन नदी की सुंदरता को वापस लाने के प्रयास में जुट गए है। वही विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देषन में केथन नदी को अपने पुराने रंग में पुन: वापस लाने के लिए नपा पूरी तरह जुट गई है। नपा सीएमओ राम प्रकाष साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना सहित सफाई मित्रों द्वारा नदी की सफाई की जा रही है। साथ ही जेसीबी,पोकलेन मषीनों के माध्यम से नदी का गहरीकरण का कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है। पूर्व की यदि बात कि जाए तो नदी का पानी साफ होने से गर्मियों के समय इस नदी में बच्चे सहित बुजुर्ग में नहाने पहुचतें थें और सुबह व शाम के समय नदी किनारे घूमने के लिए शहर के कई नागरिक पहुचते थें। वही नदी में गंदगी व नदी का पानी दूषित होने और बदबू आने के कारण अब शहरवासी इस नदी के पास जाना भी पसंद नही करते।

# आश्रम शाला के शिक्षक व सहायक अध्यापक निलंबित

**विदिशा।** कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप शासकीय आदिवासी प्राथमिक कन्या आश्रम शाला हैदरगढ के शिक्षक अरविन्द दांगी एवं सहायक प्राध्यापक अमान सिंह सहरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए है। निलंबन अवधि में दोनो कर्मचारियों का मुख्यालय अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग जिला संयोजक कार्यालय नियत किया गया है। नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

कलेक्टर श्री भार्गव के द्वारा निलंबन आदेशो का हवाला देते हुए जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन ने बताया कि शासकीय आदिवासी प्राथमिक कन्या आश्रम शाला हैदरगढ में पदस्थ दोनो शिक्षकों के द्वारा संस्था से बगैर पूर्व कोई सूचना के अनुपस्थित रहने व शासकीय कार्यो में निरंतर लापरवाही बरतने के फलस्वरूप तथा जारी निर्देशो की अवहेलना करने पर पूर्व उल्लेखितों के विरूद निलंबन की कार्यवाही की गई है।

# संयुक्त संचालक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर का औचक निरीक्षण किया

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

संभागीय संयुक्त संचालक डॉ श्रीमती नीरा चौधरी द्वारा अपनी टीम के साथ विदिशा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक ने सभी वार्डों में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की गतिविधियों का जायजा लिया एवं संधारण किए गए रिकार्ड की जांच की गई। उन्होंने दवा वितरण केंद्र, लैब जांच, एक्सरा जांच, एनसी जांच कक्ष, ओपीडी, स्टोर रूम, इंजेक्शन रूम, आध्यात्मिक कक्ष, डिलीवरी कक्ष, मेटरनिटी वार्ड, एनआरसी वार्ड का भ्रमण कर कमियां पाए जाने पर सुधार लाने के निर्देश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर की बीएमओ डॉ सुनीता नागेश को दिए हैं। साथ ही उन्होंने ग्यारसपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन जो की काफी पुराना हो चुका है उसके स्थान पर नया भवन बनाए जाने हेतु भवन निर्माण के मांग पत्र भेजने



के निर्देश भी बीएमओ को दिए।

संयुक्त संचालक डॉ चौधरी ने निर्देशित किया है कि सभी वार्ड एवं अस्पताल परिसर के प्रत्येक कक्ष का प्रतिदिन साफ-सफाई होना अनिवार्य है एवं उपकरणों का भी प्रापर तरीके से निसंक्रमित किया जाना अति आवश्यक है। जिससे मरीजों एवं स्टॉफ के संक्रमित होने का खतरा ना रहे। इसके बाद उप स्वास्थ्य केंद्र अटारीखेजड़ा की आंगनवाड़ी में चल रहे वीएचएसएनडी का निरीक्षण किया गया। एएनएम एवं आशा की ड्यू लिस्ट को चेक कर दर्ज हितग्राहियों में से कितने हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया है का अवलोकन किया गया।

**मेट्रो एंकर**

## विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए

# शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। सभी जिला तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर (शीतघात) कार्य योजना तैयार की जाये। प्रत्येक स्तर (जिला , तहसील, ब्लॉक, विभाग) पर शीत लहर प्रबंधन के लिये एक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये। भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था की जाये।

शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार- प्रसार होर्डिंग तथा प्रिंट मीडिया , सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम, सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाये। बेघर/प्रभावित लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क /मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से कम्बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थाओं का कार्य समय, भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा शीत लहर से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जायें। जिले में स्थित सभी शासकीय अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार के लिये विशिष्ट कार्य योजना बनाई जाये।

## शीतलहर के दौरान क्या करें

सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें।जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुनेपानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें – यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना ऐशबाग जिला भोपाल

फोन नं. 0755-2677353 E-Mail psaishbagh@gmail.com

**जाहिर सूचना/पम्पलेट**

**थाना ऐशबाग भोपाल गुम इंसान क्रमांक 94/2022**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/12/2022 को सूचक राजकुमार अहिरवार पिता चिरोंजी लाल अहिरवार उम्र 29 साल नि. ग्राम मुराहर तह. त्योंदा जिला विदिशा हाल नि. LIG -19 हाउसिंग बोर्ड कालोनी ऐशबाग भोपाल द्वारा थाने पर आकर सूचना दिया कि उसके पिता चिरोंजी लाल पिता स्व. हरजू अहिरवार उम्र 62 साल नि. ग्राम मुराहर तह. त्योंदा जिला विदिशा हाल नि. LIG -19 हाउसिंग बोर्ड कालोनी ऐशबाग भोपाल दिनांक 24/12/22 को घर से बाहर घूमने जाने का कहकर गये थे जो वापस नहीं आये हैं। जिसकी सूचना पर थाना ऐशबाग में गुम इंसान क्र. 94/2022 पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

अतः गुमशुदा चिरोंजी लाल पिता स्व. हरजू अहिरवार उम्र 62 साल के संबंध में को भी जानकारी प्राप्त होती है तो थाना ऐशबाग के दूरभाष क्रमांक 0755-2751761, 9479990521, 7049104772 (जांच कर्ता) पर सूचित करने का कष्ट करें।

**गुमशुदा का हुलिया :-** लंबाई 05.00 फीट, रंग गेहुंआ, चेहरा गोल, ग्रे रंग की शर्ट , आसमानी रंग की पेंट, आसमानी रंग का जैकेट, गले में सफेद रंग का तौलिया बाये पैर से लगड़ा कर चलते हैं।

**थाना प्रभारी**
**थाना ऐशबाग, भोपाल**

G-23138/23

# 17 फरवरी से शुरू होगा पीएसएल, लाहौर-इस्लामाबाद में पहला मुकाबला

## आईएलटी-20 के फाइनल से क्लैश होगा ओपनिंग मैच

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का शेड्यूल घोषित हो चुका है। डिफेंडिंग चैंपियन लाहौर कलदंर और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच 17 फरवरी को ओपनिंग मैच खेला जाएगा। मुकाबला यूएई की आईएलटी-20 लीग के फाइनल से क्लैश करेगा, जो 17 को ही खेला जाएगा। इस्लामाद के बाद कप्तान शाहीन शाह अफरीदी हैं, जो आईटीएल-20 में डेजर्ट वाइपर्स का भी हिस्सा हैं। पीएसएल का फाइनल 18 मार्च 2024 को खेला जाएगा।




### पांच पाकिस्तानी प्लेयर्स आईएलटी-20 का भी हिस्सा

पाकिस्तान के 5 प्लेयर्स आईएलटी-20 लीग का हिस्सा हैं। पीएसएल के कारण उनका यूएईद में फाइनल स्टेज के मैच खेलना मुश्किल लग रहा है। आईएलटी-20 खेलने वाले पाकिस्तान प्लेयर्स में शाहीन, शादाब खान, आजम खान और मोहम्मद आमिर डेजर्ट वाइपर्स टीम का हिस्सा हैं। जबकि इमाद वसीम को इसी साल अबुधाबी नाइट राइडर्स ने स्कॉड में शामिल किया।

### लाहौर-इस्लामाबाद ने जीता खिताब

पीएसएल इस बार 9वीं बार आयोजित किया जा रहा है। लाहौर कलंदर पिछले 2 बार की चैंपियन है। टीम ने पिछले सीजन मुल्तान सुल्तांस को फाइनल में एक रन से हराकर खिताब जीता था। इस्लामाबाद ने 2016 और 2018 में पीएसएल की ट्रॉफी अपने नाम की थी। इनके अलावा पेशावर जाल्मी, क्वेटा ग्लैडिएटर्स, कराची किंग्स और मुल्तान सुल्तांस ने एक-एक बार खिताब जीता है। अगस्त के दौरान एशिया कप होना है, वहीं सितंबर-अक्टूबर में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा। 2024 में विमेंस के 2 बड़े टूर्नामेंट खेले जाएंगे।

### कराची में होगा नॉकआउट स्टेज

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल का शेड्यूल घोषित हो चुका है। किया। 17 फरवरी से शुरू होने वाला टूर्नामेंट 18 मार्च तक चलेगा। मार्च के ही आखिरी सप्ताह में पीएसएल शुरू होने की भी संभावनाएं हैं। पीएसएल का नॉकआउट स्टेज कराची में खेला जाएगा, जो 2020 के बाद पहली बार ही होगा। कराची में कुल 11 मुकाबले खेले जाएंगे। जबकि लाहौर और रावलपिंडी में 9-9 और मुल्तान में 5 मैच खेले जाएंगे।

---

### भारत का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा

# पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 25 से होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी। भारत ने विश्व कप में सबसे बेहतरीन टीम के रूप में अपना दबदबा बनाया। भारत की कोशिश और बेहतर प्रदर्शन करने की होगी। इस साल भारतीय टीम टी-20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का एक दशक से लंबा सूखा खत्म करने की कोशिश करेगी। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज भी 25 जनवरी से होगा। अंतरराष्ट्रीय दौरे के अलावा, भारतीय खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शिरकत करेंगे।**

इस साल भारतीय टीम इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले तक का शेड्यूल जारी कर दिया है इसके बाद टीम 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी।




### इंग्लैंड का भारत दौरा

**पहला टेस्ट-** 25 जनवरी से हैदराबाद में होगा
**दूसरा टेस्ट-** 2 फरवरी से वाइजैग में खेला जाएगा
**तीसरा टेस्ट-** 15 फरवरी से राजकोट में होगा
**चौथा टेस्ट-** 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा
**पांचवां टेस्ट-** 7 मार्च से धर्मशाला में होगा

### इंग्लैंड और श्रीलंका का अहम मुकाबला

भारत का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। यहां टी20 और वनडे सीरीज के बाद टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस दौरे का आखिरी मैच भारत 2024 में तीन जनवरी से खेलेगा। यह मुकाबला सात जनवरी को खत्म होगा। इसके बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। यह मैच भारतीय समयनुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। जो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के माध्यम से बेहद अहम होगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा।

### आईपीएल के बाद, टीम जून में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज और यूएसए का दौरा करेगी

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम साल 2024 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच-पांच टेस्ट खेलेगी। जानिए टीम इंडिया के आगामी दौरों और सीरीज से जुड़ी सभी अहम जानकारी। साल 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम का शेड्यूल एक्शन से भरपूर रहने वाला है, जहां भारतीय पुरुष और महिला टीमें 2023 की अपनी सफलताओं को एक दम और आगे ले जाने की कोशिश करेंगी। साल 2023 में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही थी, जबकि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराकर सुर्खियां बटोरीं। पुरुष और महिला भारतीय क्रिकेट टीमें इस साल तीनों प्रारूपों में घर और बाहर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। हालांकि, आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 दोनों क्रिकेट टीमों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। वहीं, बात अगर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की करें तो वूमेन इन ब्लू अब तक वनडे और टी-20 दोनों विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में कामयाब जरूर रही हैं, लेकिन अभी तक टीम ने आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। भारतीय पुरुष टीम अपने नए साल की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका में चल रही टेस्ट सीरीज से करेगी। यह मुकाबले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का हिस्सा हैं। जनवरी खास तौर से टीम के लिए व्यस्त महीना होगा जहां भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज भी 25 जनवरी से होगा। अंतरराष्ट्रीय दौरे के अलावा, भारतीय खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शिरकत करेंगे। मार्च और मई के बीच आईपीएल 2024 विंडो के दौरान कोई अंतरराष्ट्रीय मैच निर्धारित नहीं है। आईपीएल के बाद, टीम जून में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए वेस्टइंडीज और यूएसए का दौरा करेगी। टीम इंडिया जुलाई में व्हाइट बॉल क्रिकेट के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी, भारत इसके अलावा बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा और ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के साथ वर्ष का समापन करेगा। इस बीच, भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने साल की शुरुआत घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही एक दिवसीय वनडे श्रृंखला के साथ करेगी। खिलाड़ी फरवरी-मार्च में महिला प्रीमियर लीग में शिरकत करेंगे। टीम सितंबर में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश जाएगी। भारतीय महिला टीम साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी और भारत साल के अपने अंतिम दौरे में वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा।

---

# बेंगलुरु की साई ग्राम स्पोर्ट्स अकादमी में तेंदुलकर-गावस्कर युवाओं को देंगे ट्रेनिंग

**बेंगलुरु, एजेंसी**




बेंगलुरु के मुद्देनहल्ली के सत्य साई ग्राम में स्पोर्ट्स एकेडमी में तेंदुलकर और सुनील गावस्कर युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें क्रिकेट सहित बैडमिंटन, बास्केटबॉल जैस खेलों की सुविधा होगी। स्पोर्ट्स एकेडमी के उद्घाटन पर वन वर्ल्ड वन फैमिली कप का भी आयोजन किया गया। युवराज सिंह, हरभजन सिंह, मुथैया मुरलीधरन, इरफान पठान, चमिंडा वास, मखाया एंटिनी, मोंटी पनेसर, डेन्नी मॉरीसन, वेंकटेश प्रसाद जैसे दुनिया भर के कई पूर्व स्टार क्रिकेटर वंचितों के लिए पूर्णतया निःशुल्क पोषण-शिक्षा-स्वास्थ्य का वसुधैव कुटुम्बक की भावना से ओतप्रोत वैश्विक सेवा अभियान के तहत खेले जा रहे वन वर्ल्ड वन फेमिली कप में के लिए मैदान पर थे। गावस्कर ने मुद्देनहल्ली के सत्य साई ग्राम में खुले इस एकेडमी के बारे में कहा कि यह अकेडमी गांव के ऐसा युवाओं का सपना साकार करेगा, जो सुविधाओं में के अभाव में अपना खेल में करियर नहीं बना पा रहे हैं। युवाओं को एक प्लेटफार्म मिलेगा। गावस्कर ने कहा कि इस संस्था से वह काफी सालों से जुड़े हैं। भाविष्य में समय-समय पर आकर इस अकेडमी में युवाओं का मार्गदर्शन भी करेंगे। इस संस्था से जुड़े सचिन तेंदुलकर ने कहा कि फिट लोगों की हर जगह जरूरत है। खेलना फिट रहने के लिए जरूरी है। हर कंपनी चाहती है कि उनके यहां फिट लोग रहें। अब देश को फिट इंजीनियर, फिट मैनेजर की जगह है। वहीं पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि अब खेलों में भी अपना करियर है। क्रिकेट ही नहीं अब कई ऐसे खेल हैं, जिनमें करियर बनाया जा सकता है। सत्य साई का विभिन्न खेलों के लिए सुविधा प्रदान करने की पहल सराहनीय है।

---



## मेट्रो बाजार

# देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच ईवी अनवील

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टाटा मोटर्स ने 10.99 लाख की शुरुआती कीमत में इलेक्ट्रिक ईवी टाटा पंच लॉन्च की। इसका टॉप वैरिएंट 14.49 लाख रुपए में मिलेगा। स्टैंडर्ड पंच ईवी में 25 किमी का बैटरी पैक लगा है। इसमें 315 किमी की सर्टिफाइड रेंज का दावा किया गया है। लॉन्ग रेंज वैरिएंट में 35 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक है। इसमें 421 किमी रेंज का दावा किया गया है। ये ईवी 10 से 80 फीसदी तक 56 मिनट में किसी भी 50 के 2 के डीसी फास्ट चार्जर से चार्ज हो सकती है। इसमें वाटर प्रूफ बैटरी दी गई है जिस पर 8 साल या 1,60,000 किमी की वारंटी है।



टाटा का यह पहला प्रोडक्ट है जो आर्किटेक्चर पर बना है। कंपनी ने कार को ऑफिशियली अनवील किया था। ये भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी है। टाटा पंच ईवी की बुकिंग पहले ही शुरू हो गई है। इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। डिलीवरी 22 जनवरी से शुरू होगी। टाटा पंच ईवी को नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया है। इसका मुकाबला सिट्रोएन से होगा। इसमें डुअल-टोन इंटीरियर थीम है। टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील और मूड लाइटिंग मिलती है। इसमें डुअल-टोन इंटीरियर थीम है। टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील और मूड लाइटिंग मिलती है।

## आईक्यू नियो 9 प्रो स्मार्टफोन 22 फरवरी को लॉन्च होगा

**मुंबई, एजेंसी।** चाइनीज टेक कंपनी आईक्यू 22 फरवरी को भारत में %आईक्यू नियो 9 प्रो% स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ऑफिशियल वेबसाइट पर फोन को टीज करते हुए लॉन्च डेट की जानकारी दी है। कंपनी ने कंफर्म कर दिया है कि यह स्मार्टफोन क्वालकॉम एफ पड्रैगन 8 जेन 2 प्रोसेसर के साथ आएगा। फोन के रियर पैनल में प्रीमियम लेदर फिनिश, ब्राइवेंट डुअल टोन और यूनीक स्क्विर्कल कैमरा मिलेगा। इसके अलावा कंपनी ने फोन के अन्य स्पेसिफिकेशन के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में इसके बारे में पहले ही जानकारी सामने आ चुकी है। आइए इन्ही रिपोर्ट के अनुसार एक्सपेक्टेड स्पेसिफिकेशन के बारे में जानते हैं। आईक्यू नियो 9 प्रो में 144॥5 रिफ्रेश रेट के साथ 6.78 इंच की एमोलेड डिस्प्ले मिल सकती है, जिसमें 2800 पिक्सल का रेजोल्यूशन मिलेगा। फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर पैनल में 50 एमपी + 50 एमपी का डुअल कैमरा सेटअप मिल सकता है। वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए पंच होल डिजाइन के साथ 50 एमपी का अल्ट्रा वाइड एंगल फ्रंट कैमरा दिया जा सकता है। पावर बैकअप के लिए फोन में फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,160 एमएएच की बैटरी मिल सकती है।



---

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



*बॉलीवुड के अंदर का सच...*

## इंडस्ट्री से बाहर शादी करने वाले सेलेब्स का टूटा रिश्ता

फिल्मों सितारों की पर्सनल लाइफ के बारे में जानने के लिए हर कोई बेताब रहता है. हम आपको उन सेलेब्स बारे में बताएंगे, जिन्होंने इंडस्ट्री के बाहर के लोग से शादी तो की, लेकिन ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाई. किसी ने की बिजनेसमैन से तो किसी ने हेयरस्टाइलिस्ट संग वेडिंग, जब इंडस्ट्री से बाहर शादी करने वाले इन सेलेब्स का टूटा रिश्ता इस लिस्ट में पहला नाम हेमा मालिनी की बड़ी बेटी ईशा देओल का आता है. खबरें आ रही हैं कि ईशा और उनके पति भरत तख्तानी एक दूसरे से अलग हो गए हैं. दोनों ने साल 2012 में शादी रचाई थी।

फरहान अख्तर ने पहली शादी साल 2000 में हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भवानी से की थी. लेकिन 16 सालों बाद दोनों का ये रिश्ता खत्म हो गया और फरान ने अधुना संग उनका डिवोर्स ले लिया. बता दें कि फरहान और अधुना की दो बेटियां हैं, जिनका नाम शाक्या और अकीरा है. बॉलीवड एक्ट्रेस पूजा बत्रा ने भी अपना पार्टनर कोई एक्टर नहीं बल्कि इंस्ट्री से बाहर एक डॉक्टर को चुना था. 2002 में वो सर्जन डॉक्टर सोनू अहलूवालिया से शादी कर अमेरिका में शिफ्ट हो गई थीं. लेकिन ये शादी ज्यादा दिनों तक नहीं टिकी और 8 साल बाद सोनू और पूजा का तलाक हो गया. एक्ट्रेस संगीता बिजलानी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खूब चर्चा में रही हैं. बता दें कि एक्ट्रेस ने साल 1996 में इंडियन क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन संग शादी रचाई थी. लेकिन पति की बेवफाई की वजह से 14 साल बाद 2010 में दोनों का तलाक हो गया. कहा जाता है कि अजहर का दिल बेडमिंटन प्लेयर ज्वाला गुट्टा पर आ गया था. अपने जमाने की मशहूर मॉडल और एक्ट्रेस रह चुकीं पूजा बेदी ने अपनी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं. साल 1994 में उन्होंने फरहान फर्नीचरवाला से शादी रचाई थी. लेकिन फिर साल 2003 में अलग होने का कठिन फैसला किया था. हालांकि उनके पति उन्हें तलाक नहीं देना चाहते थे पर पूजा को हर हाल में इस रिश्ते से मुक्ति चाहिए थी।

## अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' होगी ओटीटी पर रिलीज

साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 थिएटर्स में 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर लोगों में बज लम्बे समय से बन हुआ है। पुष्पा 2 फिल्म के ओटीटी राइट्स के ऐलान कर दिए गए हैं। ये पहली बार हुआ है कि किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म की थिएटर रिलीज से पहले ही उसके ओटीटी राइट्स की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। रिलीज के बाद अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करके इस बात की अनाउंसमेंट भी कर दी है। नेटफ्लिक्स ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- पुष्पा छुपकर बाहर आने वाली है और वो राज करने आ रहा है। पुष्पा 2 थिएटर में रिलीज होने के बाद नेटफ्लिक्स पर तमिल, तेलूगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आएंगी।



## 'गोलमाल-5' से फिर बड़े पर्दे पर कॉमेडी का तड़का लगाएंगे रोहित शेट्टी, जल्द शुरु होगी शूटिंग



बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर डायरेक्टर रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं. इस वेब शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय दमदार एक्शन करते नजर आएंगें. रोहित शेट्टी अजय देवगन के लीड रोल वाली 'सिंघम अगेन' की भी शूटिंग में बिजी हैं. वहीं इस बीच, रोहित की कॉमेडी फिल्म गोलमाल फ्रेंचाइजी के नेक्स्ट इंस्टॉलमेंट को लेकर भी बड़ा अपडेट आ गया है.

### रोहित शेट्टी ने कंफर्म की 'गोलमाल-5'

दरअसल, रोहित ने क्लियर कहा कि, 'गोलमाल 5' जरूर बनेगी. उन्होंने कहा, मुझे इसे थोड़ा जल्दी बनाना होगा. मुझे लगता है कि आपको अगले 2 साल में गोलमाल 5 मिल जाएगी. रोहित ने कहा कि हाल ही में सिनेमा में आए बदलाव को देखते हुए गोलमाल फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म बाकी फिल्मों से ज्यादा भव्य होगी. रोहित ने आगे कहा, मुझे लगता है, आज के समय में सिनेमा को ऑल द बेस्ट और गोलमाल जैसी फिल्मों की तुलना में ग्रैंड और बड़ा होना चाहिए, जो मैंने उस समय बनाई थीं. बिग का मेरा मतलब एक्शन से नहीं है. मैं गोलमाल में एक्शन नहीं जोड़ सकता, लेकिन मैं जॉनरे का स्केल बढ़ा सकता हूं. गोलमाल के बहुत सारे फैंस हैं और मैं फैंस के लिए यह ब्रांड बना रहा हूं. अगली गोलमाल फिल्म बड़ी और बेहतर होनी चाहिए, भले ही यह एक कॉमेडी फ्रेंचाइजी है.

### 'कॉप-वर्स' से हटकर भी फिल्म बनाना चाहते हैं रोहित

रोहित ने एक ऐसी फिल्म बनाने की इच्छा जताई है जो उनके 'कॉप-वर्स' पर बेस्ड न हो. उन्होंने कहा फ्यहां तक कि मुझे भी 'चेन्नई एक्सप्रेस' जैसी फिल्म बनाने की जरूरत महसूस होती है. अगर मुझे कोई ऐसी कहानी मिल जाए जो अच्छी और भव्य हो, तो मैं एक नई फिल्म बनाऊंगा.

### 'इंडियन पुलिस फोर्स' कब और कहां होगी रिलीज

वहीं बता दें कि रोहित की अपकमिंग सीरीज़, 'इंडियन पुलिस फ़ोर्स' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हो चुकी है। इस वेब शो के जरिए रोहित शेट्टी बतौर डायरेक्टर ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं. 'इंडियन पुलिस फ़ोर्स' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय के अलावा श्वेता तिवारी, निकितिन धीर, ऋतुराज सिंह, मुकेश ऋषि और ललित परिमू भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

हबीबगंज थाना क्षेत्र का मामला...

## 73 साल के पेंशनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित स्वप्निल होम्स अशोक सोसाइटी में रहने वाले 73 साल के पेंशनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी लाश बिस्तर पर पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश पीएम के लिए भेज दी है। आज पीएम के बाद लाश परिजन को सौंपी जाएगी।

पुलिस के अनुसार 73 साल के नरेश प्रसाद पटेल, स्वप्निल होम्स अशोका सोसायटी में अकेले रहते थे। उनका बेटा जबलपुर में रहता है। नरेश प्रसाद जियोलॉजी से रिटायर्ड थे और शासकीय पेंशनर थे। शुक्रवार दोपहर उनके घर काम करने वाली बाई पहुंची थी। काफी देर आवाज देने के बाद भी नरेश प्रसाद ने दरवाजा नहीं खोला। कामवाली बाई ने पड़ोसी को घटना की जानकारी दी। पड़ोसी ने किसी तरह दरवाजा खोला तो नरेश प्रसाद अचेत अवस्था पर बिस्तर पर पड़े मिले। इसके बाद एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के स्वास्थ्य कर्मी ने नरेश को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजन को दे दी गई थी। मैं भोपाल के लिए निकल गए थे ।

लंबे समय परेशान कर रहा था

## महिला का पीछा कर की अश्लील हरकत, विरोध करने पर मारपीट

भोपाल, दोपहर मेट्रो



बैरागढ़ पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ पीछा कर अश्लील हरकत और विरोध करने पर मारपीट का केस दर्ज किया है। आरोपी लंबे समय से महिला को परेशान कर रहा था। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 30 वर्षीय महिला प्रायवेट नौकरी करती है। मोहल्ले में रहने वाले शुभम उर्फ कृष्णा नामक युवक को वह पहले से जानती है। शुभम पिछले कुछ दिनों से महिला का आते-जाते पीछा कर परेशान कर रहा था। वह उसके बच्चे के स्कूल तक जाने लगा था। गुरुवार सुबह महिला बच्चे को छोड़ने स्कूल पहुंची तो शुभम भी पहुंच गया और बातचीत करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो उसने अश्लील हरकत करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

खजूरी सड़क इलाके की घटना

## अचानक रिवर्स हुई कार से टकराई स्कूटर, युवक घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क इलाके में अचानक रिवर्स हुई कार से स्कूटर जाकर टकरा गई। इस हादसे में स्कूटर सवार युवक को गंभीर चोट आई, जबकि स्कूटर भी टूट गई। घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक राजाराम प्रजापति ( 29 ) ग्राम जमुनिया छीर में रहते हैं और एक निजी बैंक में फायनेंसर का काम करते हैं। बुधवार शाम करीब चार बजे वह स्कूटर लेकर बैरागढ़ की तरफ जा रहे थे। कैंपियन स्कूल के पास पहुंचे तो उनके आगे चल रही एक कार अचानक रुकी और रिवर्स होने लगी। राजाराम ने बचने का प्रयास किया, लेकिन उनकी स्कूटर कार से जाकर टकरा गई और वह गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर भोपाल की तरफ भाग निकला। पेट्रोल पंप के स्टाफ ने घायल राजाराम को उनके घर पहुंचाया और उसके वह भाई के आने के पर इलाज के लिए लालघाटी स्थित अस्पताल पहुंचे। इलाज कराने के बाद गुरुवार शाम को राजाराम ने थाने जाकर कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था

## पुलिस आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शहर में विभिन्न रैलियां, जुलूस, सभा इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बंध में विस्तृत चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

### चंदन चोर गिरफ्तार

गुनगा पुलिस ने पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक चंदन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सलमान खान ( 28 ) निवासी कहार मोहल्ला वार्ड नंबर एक, बाड़ी जिला रायसेन के खिलाफ वर्ष 2021 में गुनगा थाने में चंदन चोरी का केस दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

ऐशबाग इलाके की घटना, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

# गर्लफ्रेंड को कट मारने के विवाद में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित रायसेन रोड अप्सरा कांप्लेक्स के पास एक्टिवा सवार ने दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। एक युवक को छुरी लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।**

पुलिस के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव नगर निवासी 18 साल का शिवा सिंह भदौरिया बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। उसने बताया कि खेल मैदान के पास सुभाष नगर में आकाश ने तीन महीने पहले चाय की दुकान खोली है। उसकी दुकान पर शिवा चाय पीने जाता था। इसी कारण उसकी आकाश से पहचान हो गई।?एक महीने पहले शिवा आकाश की दुकान के सामने से निकल रहा था, तभी आकाश उसे रोककर कहा कि तुमने मेरी गर्ल फ्रेंड को एक्टिवा से कट क्यों मारा था। शिवा ने कहा कि मैंने किसी को को कट नहीं मारा और मैं तुम्हारी गर्ल फ्रेंड को पहचानता भी नहीं हूं।

आकाश ने मोबाइल पर उसकी गर्ल फ्रेंड से बात की और कुछ बातचीत की। इसके बाद शिवा को वहां से जाने का कहा। 14 जनवरी को शिवा आकाश की दुकान पर चाय पीने गया। इस दौरान आकाश ने कहा कि तुम मेरी चाय की दुकान पर अब दिखाई नहीं देना। शिवा ने आकाश से कहा कि क्या परेशानी है। इस पर आकाश ने शिवा से गालीगलौज शुरू कर दिया। गालीगलौज और कहासुनी के बीच शिवा को घर से कॉल आया और वह घर चला गया।



फाइल फोटो

### चार दिन बाद अप्सरा कांप्लेक्स के पास रोककर हमला

शिवा ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी गुरुवार रात करीब सवा 11 बजे के आसपास वह हैदर टी स्टाल के सामने सुभाष नगर से अप्सरा की ओर अपनी एक्टिवा से जा रहा था। उसके साथ उसका दोस्त मोंटी भी था। इसी बीच सफेद रंग की एक्टिवा से तीन युवक आए और शिवा को रोक लिया। एक्टिवा चला रहा युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुआ था और ब्लेक जैकेट पहना था, जबकि एक्टिवा में बीच में आकाश बैठा था। पीछे एक अन्य युवक मुंह पर पर कपड़ा बांधे था। पीछे बैठा युवक एक्टिवा से उतरा और उसने मोंटी पर छुरी से हमला किया। मोंटी पीछे हट गया। पीछे हटने से उसे छुरी नहीं लगा। एक्टिवा से उतरे आकाश ने शिवा को पकड़ लिया और मोंटी पर हमला करने वाले युवक ने इस बार शिवा पर छुरी से हमला कर दिया। किसी तरह छुरी से बचने शिवा नीचे गिर गया। आरोपी ने इसके बाद भी उस पर छुरी से हमला किया। छुरी बांए पैर के पंजे के ऊपर और दाहिने पैर की एड़ी में लगने से गंभीर चोट आई है।

### शराब के लिए रुपये नहीं देने पर ऑटो का कांच फोड़ा



ऐशबाग इलाके में एक बदमाश ने आटो चालक से शराब के लिए रुपयों की मांग की और रुपये नहीं देने पर पत्थर से आटो का कांच फोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सवारी आटो चलाने वाला राहुल राय गुरुवार रात करीब आठ बजे ओल्ड सुभाष नगर स्थित चाय की दुकान के पास सवारी उतार रहा था, तभी बदमाश दानिश बेग पहुंचा। उसने राहुल से शराब पीने के लिए दो सौ रुपए मांगे। राहुल ने जब रुपए देने से इंकार किया तो दानिश ने पास में पड़ा पत्थर उठाकर आटो का कांच फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी और तोड़फोड़ का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

मिसरोद के समरधा के पास हुआ हादसा, निजी अस्पताल में मौत

## बाइक ब्रेकर से उछली, सत्तर साल की बुजुर्ग महिला की गिरने से मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा पुलिया के पास शुक्रवार दोपहर चलती बाइक से गिरने के कारण सत्तर साल की बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गई। उनका बेटा उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां इलाज के दौरान शाम को उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार कमला देवी महेश्वरी पति विष्णु प्रसाद महेश्वरी ( 70 ) मूलत॰न्यू बस्ती, शाहगंज सीहोर की थी। फिलहाल वह अपने बेटे हेमेंद्र महेश्वरी के साथ सुरभि एवेन्यु फेस- टू अवधपुरी में रह रही थी। हेमेंद्र मां के साथ शाहगंज गया हुआ था। दोनों बाइक से औबेदुल्लागंज होते भोपाल लौट रहे थे। समरधा पुलिया के पास मुख्य सड़क पर बाइक ब्रेकर से उछली और बाइक पर बैठी कमलादेवी नीचे गिर गई। चलती बाइक से गिरने के कारण कमलादेवी को सिर में गंभीर चोट आई?थी। हेमेंद्र मां कमलादेवी को निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कमलादेवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

कम ज्ञात प्रजातियों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

## माध्यमिक शालाओं में बनाए जाएंगे इको क्लब

भोपाल, दोपहर मेट्रो



राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने मप्र की कम ज्ञात प्रजातियों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि माध्यमिक शालाओं में इको क्लब होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैव विविधता और प्रजातियों के संरक्षण के लिए बचपन से ही बच्चों को इससे परिचित कराया जाना चाहिए।

सम्मेलन र्यावरण परिसर में आयोजित किया गया है। जिसमें देश विदेश के लगभग डेढ़ सौ शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन एस एन एच सी इंडिया, मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल बर्डस संस्था एवं वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है।

इस अवसर पर राज्यपाल पटेल ने कहा कि कुदरत ने तीन माह के अंतराल से मौसम बनाएं थे पर मानव ने करिश्में से इन्हें एक ही दिन में देखने पर मजबूर कर दिया है। इस दिशा में बहुत काम करने की जरूरत है। यह सम्मेलन सही दिशा में सही समय पर उठाया गया कदम है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने जैव विविधता संरक्षण को लेकर ग्रामीण जनजाति क्षेत्रों में कैसे लाभ मिले को लेकर और बेहतर कदम उठाए जाने की आवश्यकता जताई।

### वन कर्मचारी मंच ने वन मंत्री को ज्ञापन सौंपा

भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश के वनरक्षकों के वेतन में व्याप्त विसंगति को दूर करने, वन कर्मचारियो पर हो रहे हमलों पर रोक लगाने ,पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आज मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच ने प्रदेश के वन मंत्री नागर सिंह चौहान को ज्ञापन सौपा वन मंत्री ने आश्वासन दिया है कि मांगों पर विचार करके शीघ्र कार्रवाई की जाएगी वन कर्मचारी मंच के प्रतिनिधि मंडल में अशोक पांडे सुधीर पवार लव प्रकाश पाराशर हरि सिंह गुर्जर राकेश वर्मा सत्येंद्र पांडे थावरिया भील आदि शामिल थे।

## युवती को प्रेमजाल में फंसाकर अपहरण कर शारीरिक शोषण किया

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ अपहरण कर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर मंदिर में शादी कर ली। कुछ महीने बाद उसे मायके छोड़कर चला गया। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने इंकार कर दिया। परेशान होकर युवती ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 30 वर्षीय युवती घरेलू काम करती है। करीब डेढ़ साल पहले जगराता एक कार्यक्रम में उसकी मुलाकात अशोक तिवारी नामक युवक से हुई थी। अशोक भी युवती के गांव का रहने वाला है। बाद में दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी और वह दोस्त बन गए। इस दौरान अशोक ने युवती को शादी का झांसा दिया और सितंबर 2022 में उसे अपने साथ ले गया। किसी मंदिर में ले जाकर अशोक ने उसके साथ शादी कर ली और बाद में उसी गांव में लिवइन रिलेशन में रहने लगे। कुछ समय बाद अशोक युवती को लेकर विदिशा चला गया। कुछ महीने वहां रहने के बाद अशोक ने युवती को उसके मायके छोड़ दिया। युवती जब शादी की बात करती तो वह टालमटोल करता रहा। काफी समय बीतने के बाद जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो अशोक ने शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

### टक्कर मारने का विरोध किया तो ऑटो चालक ने की झूमाझटकी

**भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में एक आटो चालक ने आगे चाल रही स्कूटर को टक्कर मार दी। स्कूटर चालक ने जब उसे रोककर समझाया तो आटो चालक ने झूमाझटकी कर दी। पुलिस ने आरोपी आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कपिल शर्मा ( 35 ) सीआरपी बैरागढ़ में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। गुरुवार की शाम को वह अपनी स्कूटर से ग्राम तकीपुर जिला सीहोर स्थित फार्म हाउस पर जा रहे थे। शाम करीब सात बजे माधव आश्रम के पास पीछे से आ रहे एक आटो चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गिरते-गिरते बच गए। कपिल ने आटो चालक का पीछा कर आकाश गार्डन के पास रोक लिया और ठीक से वाहन चलाने की समझाईश दी तो आटो चालक ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए झूमाझटकी कर दी। पीछे से आए पहचान वालों ने बीच-बचाव किया तो आटो चालक भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## एक्सीडेंट में हुई 2 महिलाओं की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरसिया इलाके में पिछले महीने ट्रैक्टर पलटने से हुई दो महिलाओं की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया है। घटना के समय सभी महिलाएं शादी कार्यक्रम में जा रही थी, तभी ट्रैक्टर पलटने से हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में एक दर्जन से ज्यादा महिलाओं को चोट आई थी।

पुलिस के मुताबिक ग्राम गोड़िया सनखेड़ा निवासी हरिसिंह गुर्जर के लड़के गोविंद की 15 दिसंबर 2023 को शादी थी। इसलिए गांव की एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर ग्राम भैंसोदा जा रही थी। ट्रैक्टर को गंगापुरा निवासी सुरेश बाबू ठाकुर चला रहा था। सुबह करीब बारह बजे ट्रैक्टर कचनारिया और गोड़िया सनखेड़ा के बीच पहुंचा, तभी अचानक एक मवेशी सामने आ गया। उसे बचाने समय ट्रैक्टर सड़क किनारे खेत में उतर गया और ट्राली पलट गई। इस हादसे में ट्राली में बैठी सभी करीब 16 महिलाएं घायल हो गईं। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल केशर बाई ( 60 ) और चतर बाई ( 36 ) की मौत हो गई थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




### सूखी सेवनिया में बोलेरो जीप को कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बोलेरो जीप को टक्कर मार दी। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन जीप को नुकसान पहुंचा है। पुलिस के मुताबिक कृष्ण कुमार अहिरवार (30) मुंगावली जिला अशोक नगर के रहने वाले हैं और शासकीय शिक्षक हैं। गुरुवार सुबह वह अपने पड़ोसी की बहू को लेने के लिए अपनी बोलेरो जीप से भोपाल आए थे। शाम को वह वापस मुंगावली लौट रहे थे। शाम करीब पौने बजे वह सूखी सेवनिया स्थित बायपास चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी जीप दायीं तरफ से टक्कर मारता हुआ भाग निकला। टक्कर से किसी को चोट नहीं लगी, लेकिन जीप में काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** न्यायालय ने आरोपी पर दो हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया

# बहला-फुसलाकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बहला-फुसलाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला 19वे अपर सत्र न्यायाधीश ( विशेष न्या?यालय पोक्सो ) रश्मि मिश्रा की अदालत ने सुनाया है।

लोक अभियोजक के अनुसार, घटना 23 जून 2020 की है। पीड़ित बालक के पिता ने जहांगीराबाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि 10:30 बजे के करीब वह घर पर था, तभी उसका पुत्र ( पीडित बालक ) घर आया व उसने कपडे उतारे तो पीडित बालक की मॉ की नजर बच्चे के कपडो पर गई। उसके कपडों पर खून लगा दिखा तो उसने बताया गया है कि आरोपी उसे अपने साथ ले गया था और आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दीप्ति पटेल एवं वर्षा कटारे द्वारा पैरवी की गई है।



### दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा 5 हजार का इनामी अस्पताल संचालक गिरफ्तार

**भोपाल।** सूखी सेवनिया पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक अस्पताल संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर एसपी देहात ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके साथ ही चेक बाउंस के मामले में भी न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था।

पुलिस के मुताबिक पिछले साल तीन जुलाई 2023 को इस मामले की रिपोर्ट महिला ने दर्ज कराई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करती है। अस्पताल के संचालक डा. मुकेश झा ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। महिला ने जब शादी के लिए अस्पताल संचालक पर दबाव बनाया तो उसने छोटी जाति का होने कहकर शादी करने से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने डा. मुकेश झा के खिलाफ शारीरिक शोषण और एससीएसटी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर एसपी देहात ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम बनाई थी। टीम ने आरोपी मुकेश झा निवासी सूखी सेवनिया को गिरफ्तार कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022